# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 344 । भोपाल, गुरुवार, 14 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



बीएमएचआरसी में अब आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी पद्धति से भी मिलेगा इलाज — पृष्ठ 3

▪ धारा 370 को सर्वोच्च न्यायालय ने किया निरस्त, पर अनेक मुद्दे रह गये अनुत्तरित — पृष्ठ 4

▪ अविवादित बंटवारा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें: अपर कलेक्टर — पृष्ठ 6

76 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को संसद की मंजूरी — पृष्ठ 8


### मोदी, शाह और नड्डा बने साक्षी : भाजपा विधायक दल के नेता डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

# मध्यप्रदेश में अब 'मोहन राज'



### देवड़ा और शुक्ल बने उपमुख्यमंत्री





**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा विधायक दल के नेता डा. मोहन यादव ने आज भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने डॉ. यादव के अलावा 2 उपमुख्यमंत्री – जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह , भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ पार्टी नेता मौजूद थे।

शपथ ग्रहण समारोह सुबह 11 बजे शुरू हुआ। सबसे पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने शपथ ग्रहण की, इसके बाद उप–मुख्यमंत्री देवड़ा और शुक्ल को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, फग्गन सिंह कुलस्ते, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंराड संगमा, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस व अजीत पवार, नागालैंड के उप मुख्यमंत्री वाय. पैटन, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री और विधायक नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह , महाराष्ट्र के भाजपा के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, सहित कई धर्मगुरु समारोह में मौजूद थे। प्रदेश में पहली बार किसी महिला मुख्य सचिव द्वारा मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण की कार्रवाई संपन्न करवाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले प्रभारी मुख्य सचिव वीरा राणा ने मुख्यमंत्री को शपथ दिलाने के लिए पहले राज्यपाल से अनुमति मांगी, उसके बाद शेष कार्रवाई पूरी की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर डा. यादव और उप मुख्यमंत्री देवड़ा व शुक्ला को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में राज्य में डबल इंजन सरकार दोगुने जोश के साथ काम करेगी और विकास के नए प्रतिमान गढ़ेगी। इस अवसर पर यहां के अपने सभी परिवारजनों को भी मैं यह भरोसा देता हूं कि भाजपा सरकार आपके जीवन को आसान बनाने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ेगी।

### राजभवन में किया भोज

शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सीधे राजभवन पहुंचे। श्री मोदी को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भोज दिया था। प्रधानमंत्री राजभवन में तकरीबन सवा घंटे रुके, उसके बाद वह रायपुर के लिए रवाना हो गए।



*प्रदेश सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजभवन पहुंचे, जहां राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उनका स्वागत किया।*

## शिवराज बोले- अब विदा... जस की तस रख दीनी चदरिया



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार सुबह अपने नित्य कार्यक्रम के तहत पौधारोपण के बाद कहा कि नए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के शपथ ग्रहण समारोह के संबंध में बात करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने कहा कि मैं नए मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देता हूं। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पधार रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का हृदय से स्वागत करता हूं। इसके साथ ही मैं सभी मित्रों से कहना चाहता हूं कि अब विदा... ! जस की तस रख दीन्ही चदरिया। उनके इन शब्दों के राजनीतिक संदर्भ में कई मायने निकाले जा रहे हैं। इससे पहले श्री चौहान ने अपने 18 वर्ष के कार्यकाल को संतुष्टिपूर्ण बताया। नए मुख्यमंत्री को एक बार फिर शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि वह प्रदेश की समृद्धि और विकास को और जनता के कल्याण को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### काफिला रोका, लगे 'मामा' के नारे



लाल परेड़ स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री डॉ. यादव के शपथ ग्रहण समारोह से जब पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बाहर निकले तो, बहनों ने उनका काफिला रोक लिया और इस दौरान मामा–मामा के नारे गूंज उठे। जिसके बाद शिवराज भी कार से उतरे और उन्हें समझाया। कुछ देर के लिए माहौल भावभींना हो गया।

### शपथ के बाद महाकाल के दर्शन किए, कार्यभार संभालते ही एक्शन में नजर आए मुख्यमंत्री

# धार्मिक स्थलों में तेज आवाज लाउड स्पीकरों पर लगेगी रोक

- मापदण्डों के अनुरूप किया जा सकेगा उपयोग
- जिलों में गठित होंगे उड़नदस्ते

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के नए मुखिया डॉ. मोहन यादव ने शपथ लेने के बाद गृह नगर उज्जैन पहुंचे, जहां उन्होंने महाकाल की पूजा अर्चना की। शाम को भोपाल स्थित मंत्रालय में उन्होंने अपना कार्यभार संभाला।

उन्होंने सबसे पहले धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकर के उपयोग को लेकर कड़ा फैसला लिया। पहली मंत्रिपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि धार्मिक स्थलों में कानफोडू लाउड स्पीकरों पर रोक लगाई जाएगी। इसके साथ ही कई अहम फैसले भी इस बैठक में लिए गए। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थान में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों आदि का उपयोग किया जा सकेगा। राज्य शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण तथा लाउड स्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जाँच के लिये सभी जिलों में उड़नदस्ते गठित किये जायेंगे। उन्होंने आज मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद इससे संबंधित आदेश पर सबसे पहले हस्ताक्षर किये हैं।



### खुले में मांस–मछली की ब्रिकी पर भी रोक

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश भर में कहीं भी बिना अनुमति मांस और मछली की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने को कहा है।

आदेश के अनुसार, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन कर खुले में बिना साफ–सफाई मांस–मछली की बिक्री पर रोक लगाई जाएगी। 15 दिनों में अभियान चलाकर ऐसी दुकानों को बंद कराया जाएगा। धर्म स्थलों से भी नजदीक मांस बेचना प्रतिबंधित होगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आदेश जारी कर कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर तत्काल कार्रवाई आरंभ करें। पुलिस की भी इसमें मदद लें। मुख्यसचिव वीरा राणा प्रतिदिन इसकी समीक्षा करेंगी।

अधिकारियों से कहा-

### सुशासन आधारित कार्य पद्धति का विकास करें

डॉ. यादव ने विभागों की कार्यप्रणाली में गति लाने और पारदर्शी व्यवस्था लागू कर जन समस्याओं के समाधान के कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन आधारित कार्य पद्धति का विकास किया जाए।

### तेंदूपत्ता संग्रहण दर अब 3 हजार से बढ़ाकर 4 हजार रुपए हुई

डॉ. यादव ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित में राज्य सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया। भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए वादे के अनुसार अब तेंदूपत्ता संग्रहण दर 3 हजार रूपए प्रति बोरा से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति बोरा करने का निर्णय लिया गया। इससे 35 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 162 करोड़ रूपए का अतिरिक्त पारिश्रमिक प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि तेंदूपत्ता संग्रहण दर वर्ष 2017 में 1250 रूपए प्रति बोरा थी। वर्ष 2023 में इसे बढ़ाकर 3 हजार रूपए प्रति बोरा कर दिया था।

### आदतन अपराधियों की जमानत होगी रद्द

मुख्यमंत्री ने बताया कि आदतन अपराधियों पर सख्ती की जाएगी। उन्होंने गृह विभाग के को निर्देश दिए हैं कि ऐसे अपराधी जो बार–बार जमानत कराकर बाहर आते हैं और अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं उनकी जमानत रद्द करवाने की कार्रवाई की जाए।

### हर जिले में खुलेंगे प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज

डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश के हर जिले में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज खोले जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं की बेहतर शिक्षा के लिए एक्सीलेंस कॉलेज बनाया जाएगा। यह कॉलेज प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज के नाम से जाने जाएंगे।

### संसद पर हमले की 22वीं बरसी पर सुरक्षा में फिर बड़ी चूक

# दर्शक दीर्घा से सदन में कूदे 2 युवक



### सांसदों ने पकड़ा

### तानाशाही नहीं चलेगी, के लगा रहे थे नारे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश का सबसे सुरक्षित स्थान कहे जाने वाले संसद भवन की सुरक्षा में ठीक संसद पर हुए हमले की बरसी के दिन सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। बुधवार को सदन की कार्यवाही के दौरान दो युवक दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए। इस दौरान उन्होंने कुछ स्प्रे भी किया,जिससे सदन में धुआं–धुआं हो गया।

हालांकि उन्हें सांसदों की मदद से सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों में एक का नाम सागर शर्मा और दूसरे का मनोरंजन बताया गया है। वहीं सदन के बाहर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए भी एक युवक और एक युवती पकड़ा गया। युवती का नाम नीलम है। घटना के फौरन बाद दिल्ली पुलिस की आतंकवाद रोधी इकाई का विशेष दल संसद भवन में ही पहुंचकर उनसे पूछताछ की। यह घटना शून्यकाल के दौरान घटी। हालाकि लोकसभा के पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने फौरन सदन की कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। बाद में सदन सुचारू तरीके से चलाया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहाकि शूल्यकाल के दौरान हुई घटना की अपने स्तर पर संपूर्ण जांच की जा रही है। इस संबंध में दिल्ली पुलिस को भी जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं कार्यवाही के दौरान सदन में मौजूद सांसदों ने बताया कि दोनों युवकों ने हाथ में आंसू गैस का कनस्तर बांध रखा था। एक युवक ने गैस छोड़ी तो दूसरा इस दौरान बेंच को ठोकते हुए नारेबाजी कर रहा था। ये लोग तानाशाही नहीं चलेगी का नारा भी लगा रहे थे। उल्लेखनीय है कि 13 दिसम्बर को संसद पर हमले की 22 वीं बरसी थी। ठीक इसी दिन सुरक्षा में इतनी बडी चूक हैरान कर देने वाली घटना है। पुलिस कर रही है पूछताछ–मालूम हो कि कुछ सांसदों ने बड़ी दिलेरी दिखाते हुए खुद दोनों युवकों को कब्जे में लिया और फिर सुरक्षा बलों को सौंप दिया। इस घटना के बाद पूरे संसद परिसर में हडकंप मच गया। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों को संसद मार्ग थाने ले गई। जहां उनसे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पन्नू ने दी थी संसद पर हमले की धमकी–अमेरिका में रहने वाले पन्नू ने वीडियो जारी करके कहा था– हम संसद पर हमले की बरसी वाले दिन यानी 13 दिसंबर या इससे पहले संसद की नींव हिला देंगे। पन्नू ने संसद पर हमले के दोषी अफजल गुरू के साथ एक पोस्टर जारी किया था। संसद की शीतकालीन सत्र के आठवें दिन बुधवार को सुरक्षा चूक हुई। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो युवक विजिटर्स गैलरी से सदन में कूद गए। उनके कूदते वक्त पीला धुआं उठता दिखाई दिया। सांसदों ने युवक को पकड़ा और सिक्योरिटी अधिकारियों के हवाले कर दिया। इस घटना ने सभी को चौंका दिया है क्योंकि साल 2001 में 13 दिसंबर को ही संसद पर आतंकी हमला हुआ था। आज की तरह ही संसद में शीतकालीन चल रहा था। टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने इस घटना के बारे में बताया कि यह उनका काफी डरावना अनुभव था। वहीं बसपा से निलंबित सांसद दानिश अली ने कहाकि दोनों युवकों को पकड़ लिया गया और उन्हें सुरक्षा बलों को सौंप दिया गया। कांग्रेस के कार्ति चिदम्बरम ने इसे घटना को संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक करार दिया।

#### इस घटना में 6 लोग थे शामिल

हाई सिक्योरिटी वाले संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इस बीच सूत्रों के हवाले से बताया गया कि इस पूरी घटना में छह लोग शामिल थे, इनमें से पांच लोगों को पकड़ लिया गया है और एक की तलाश जारी है।





## सार समाचार

### खेत हांकने गए दो भाईयों के साथ मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत ग्राम पनवाड़ीहाट में खेत हांकने गए एक व्यक्ति के साथ महिला सहित तीन लोगों ने मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आए पीड़ित के भाई के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी श्रीपाल तोमर ने अपने भाई रामपाल के साथ पुलिस चौकी में रिपोर्ट पर दर्ज कराई कि वह गत दिवस गऊ घाट वाले खेत को हांकने गया था। तभी वहां आरोपी वीरु बंजारा, कपूरी बाई एवं मीरा बाई बंजारा आ गए और ट्रेक्टर को रोक दिया। इस दौरान तीनों ने गाली गलौंच कर हसिए से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए फरियादी के भाई रामपाल के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत की आरोपियों पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### भारी पड़ा लड़ाई में बीच में कूदना, उल्टे हो गई पिटाई

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत ग्राम गोविंदपुर में दो व्यक्तियों की लड़ाई में बीच में कूदना एक व्यक्ति को भारी पड़ा। बीच बचाव करने गए फरियादी के साथ ही दूसरे पक्ष ने मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी हरतूम उर्फ जानकी पुत्र फूलचन्द शर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात्रि करीबन 12 बजे की बात है, उसे धर्मपुरा मोहल्ला में चिल्ला चोट की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद वह घर से मौके पर पहुंचा तो यहां बालमुकुन्द शर्मा और दिलीप धाकड में लड़ाई चल रही थी। इस दौरान फरियादी ने दोनों को समझाईश देने की कोशिश की। लेकिन दिलीप धाकड़ ने उससे उल्टा गाली गलौंच कर बोला कि तू इनकी तरफ से लड़ाई लडने् आया है। जिस पर फरियादी ने कहा कि भाई मुझे लडाई से कोई मतलब नहीं है। लेकिन आरोपी दिलीप धाकड़ और उसकेसाथी राकेश धाकड ने उसकी पटक कर लात घूसों से मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### आज रहेगी बिजली गुल

**गुना, देशबन्धु।** मेंटीनेंस के चलते गुरुवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक (शहर) मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड गुना द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही हड्डीमिल सब-स्टेशन से 11 केव्ही पम्प फीडर पर मेन्टीनेंस कार्य के चलते 14 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक राम कॉलोनी, रशीद कॉलोनी, बांसखेडी, रेल्वे फाटक, मालपुर रोड, साई सिटी कॉलोनी एवं संस्कार सिटी आदि क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी। उक्त विद्युत कटौती की अवधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।

कांग्रेस के मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले, जयवर्धन

# राघौगढ़, जहां कांग्रेस जीत कर भी संतुष्ट नहीं होती, भाजपा हारकर भी जश्न मनाती है



**गुना, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने बुधवार को राघौगढ़ स्थित कोठीबाग पार्क में विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल से आए कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेताओं की बैठक ली। जयवर्धन ने राघौगढ़ विधानसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा करते हुए कहा है कि यह देशभर की एकमात्र ऐसी विधानसभा है, जहां के कांग्रेस कार्यकर्ता जीतकर भी खुश नहीं होते हैं, लेकिन भाजपा हारकर भी प्रसन्न हो जाती है। इससे पता चलता है कि राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र का महत्व क्या है। कांग्रेस की भारी जीत की अपेक्षा के विपरीत आए चुनाव परिणाम के बाद कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए जयवर्धन सिंह ने इस बैठक में शामिल सभी कांग्रेसजनों से सबसे मुस्कुराने का आव्हान किया। जयवर्धन सिंह की ऊर्जा देखकर कार्यकर्ता आत्मविश्वास से लबरेज हो गए और तालियों की गडगड़ाहट के साथ उन्हें विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई दी। बैठक में राघौगढ़ विधानसभा के धरनावदा, रुठियाई, राघौगढ़ शहर, विजयपुर-एनएफएल, साडा-अहमदापुर, खैराई, आवन, रामनगर, गावरी और पीपलखेड़ा सहित सभी मंडलों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जयवर्धन सिंह ने कहाकि उन्होंने हमेशा सकारात्मक सोच के साथ राजनीति की है, सबका भला करने के लिए राजनीति की है। वह मानते हैं कि चुनाव परिणाम में जीत का अंतर अपेक्षा से कम था। लेकिन कार्यकर्ताओं ने मेहनत की, मतदाताओं ने भरोसा कायम रखा, इसके लिए वह सभी के आभारी हैं।जयवर्धन ने माना कि शिवराज आज भी मध्यप्रदेश भाजपा के सबसे बड़े चेहरे हैं। चुनाव परिणाम की समीक्षा करते हुए जयवर्धन ने स्पष्ट कर दिया कि वह नतीजों के तुरंत बाद मीडिया कर्मियों को बता चुके थे कि नतीजे या तो शिवराज की योजनाओं का असर है, फिर अमित शाह की ईवीएम के चलते अप्रत्याशित परिणाम आए हैं।

# सुभाष कॉलोनी में जुआ खेलते हुए आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा सुभाष कॉलोनी में जुआ खेलते हुए आधा दर्जन के करीब जुआरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि सुभाष कालोनी गुना में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो मौके पुलिस ने जुआरियों को रंगे हाथों जुआ खेलते हुए दबोचा। इनमें मोनू जोगी पुत्र बब्लू जोगी निवासी सुभाष कालोनी, इस्माईल पुत्र रमजान खान निवासी बाजा मोहल्ला कैंट, सोनू पुत्र हल्कूराम रजक निवासी राधा कालोनी, छत्रपाल पुत्र भागीरथ कोरी निवासी गोकुल सिंह का चक एवं विकास पुत्र गोपाल बाल्मीकि निवासी सांईसिटी कालोनी सकतपुर रोड शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से ताश की गड्डी एवं नगदी 1060 रुपए बरामद किए। पुलिस ने सभी जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**सट्टे की पर्ची काटते हुए एक दबोचा**- इसके अलावा सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा ही पठार मोहल्ले में सट्टे की पर्ची काटते हुए एक सटोरिए को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पठार मोहल्ला में पीपल के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति आम जनता को 1 रुपये के बदले 90 रुपये देने का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची काट रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो यहा सट्टे की पर्ची काटते हुए हरिप्रसाद उर्फ अईया पुत्र मनीराम प्रजापति निवासी चौधरन कालोनी मिला। जिसे पुलिस ने नगदी 2030 रुपये, 2 सट्टा अंक लिखी पर्ची एवं लीड पेन के साथ दबोचा। पुलिस ने आरोपी पर धारा 4 (क) सार्वजनिक द्युतक्रीड़ा अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

# पुरानी रंजिश पर बूढ़े बालाजी में भिड़ी युवतियां

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत बूढ़े बालाजी में दो नाबालिग किशोरी आपस में भिड़ गई। जिसमें एक युवती ने दूसरी युवती के साथ जमकर मारपीट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया यास्मीन बानो पुत्री रहमत अली निवासी बूढे बालाजी ने अपने पिता रहमत अली के उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि गत दिवस दोपहर में वह अपने घर के बाहर अपनी मां आयशा बानो के साथ बैठी थी। तभी हमारे पडोसी शबाना बानो ने पुरानी रंजिश पर उसके साथ गाली गलौंच शुरू कर दी।

इस दौरान शबाना बानो ने फरियादिया की चोटी खींचकर जमीन पर पटक कर मारपीट की। मौके पर आरोपिया की भाई जायेद भी आ गया, उसने भी उसके साथ जमकर मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी युवती एवं उसके भाई पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### बस स्टेंड पर 2 युवकों को पीटा

इधर कोतवाली थानांतर्गत ही जज्जी बस स्टेंड पर एक व्यक्ति के साथ 2 अन्य युवकों ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सीताराम ओझा पुत्र नन्नूलाल ओझा निवासी विंध्याचल कालोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दोपहर करीबन में वह जज्जी बस स्टेण्ड पर खड़ा था। तभी वहां दीपक ओझा और गोलू ओझा निवासीगण बूढे बालाजी आये और पुरानी रंजिश पर गाली गलौंच कर लात घूसों से मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### वाहन चालक ने दुकान से लौटते मैकेनिक को रौंदा

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत हड्डी मिल निवासी एक मैकेनिक को चिंताहरण टोल नाके के पास लोडिंग गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। घायल की पत्नी रुबीना बानो ने बताया कि उनका पति नन्ने खां मैकेनिकल का काम करते है। जिनकी गादेर घाटी पर ट्रक मैकेनिकल की दुकान है।

विगत दिवस वह दुकान से मोटरसाईकिल से घर आ रहे थे। जैसे ही वह पुराना टोल नाका चिंताहरण के पास पेट्रोलपंप के सामने एबी रोड पर पहुंचे, तभी गुना तरफ से एक लोडिंग गाडी क्रमांक एमपी 08 जेडबी 3235 के चालक ने अपनी लोडिंग गाडी को तेजी व लापरवाई से चलाते हुए उनके पति की मोटरसाईकिल में सामने से टक्कर मार दी। जिससे उनको चोटें आई है। जिसका शहर की निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक पर मामला दर्ज किया है।

# घर के आगे रास्ता बनाने को लेकर भिड़े पड़ोसी, हुई मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** मृगवास थानांतर्गत ग्राम सानई में घर के आगे बन रही सडक् को लेकर पड़ोसी आपस में भिड़ गए। जिसमें आधा दर्जन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी लालचन्द्र मीना ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके एवं नन्नूलाल के घर के सामने से रोड बन रही है। जिसका काम नन्नूलाल ने यह कह कर रूकवा दिया है कि रोड मेरे मकान के पास से नहीं निकालो। गत दिवस फरियादी अपने मकान के पास खड़ा था तभी दीपचन्द्र मीना लम्बाचक का, नन्नूलाल मीना, नवल मीना, देवेन्द्र मीना आकर उसे गाली गलौंच कर कहा कि रोड यहीं से बनेगा तेरे बाप में दम है तो रोक कर बता। इस दौरानें आरोपियों ने लाठी-डंडे से उस पर हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर धारा 294, 352, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

इधर मृगवास थानांतर्गत ही ग्राम बडखुआ में मिट्टी नहीं डालने को लेकर एक व्यक्ति केसाथ गांव के ही दूसरे व्यक्ति ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मंगल पुत्र गुलाब सिंह जाति मीना ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह और उसका भतीजा पवन मृगवास से अपने घर बडखुआ जा रहे थे। तभी रास्ते मे होकम पुत्र जमनालाल प्रजापति मिला और मुझसे बोला कि तू हमारे यहाँ ईंट बनाने के लिये मिट्टी क्यों नहीं डाल रहा। जिस पर फरियादी ने कहा कि जितनी डाली है उतनी का काम पूरा कर लो और मिट्टी बाद में डाल दूँगा। इसी बात पर आरोपी ने गाली गलौंच कर उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# श्रमिकों के शोषण के खिलाफ आज क्रमिक धरना देंगे एनएफएल के मजदूर

**गुना, देशबन्धु।** नेशनल फर्टिलाइजर्स मजदूर यूनियन सीटू की कार्यकारिणी की बैठक एनएफएल पालिका बाजार सीटू ऑफिस पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेन्द्र सैनी ने की एवं संचालन जहूर खान ने किया। बैठक में यूनियन के अन्य पदाधिकारियों रामबाबू गुर्जर, सुघर सिंह बैस, नन्द किशोर लोधा, देवेन्द्र कुशवाह, वीरेन्द्र जोशी सहित अन्य साथियों ने भी अपने विचार रखे। बैठक में उपस्थित साथियों ने बताया कि एनएफएल प्रबंधन के इशारे पर ठेकेदारों द्वारा कारखाने में काम करने वाले सैकड़ों ठेका मजदूरों का क्रूरतम शोषण जारी है।

श्रमिकों को विना पूर्व सूचना व विना नोटिस दिये गैरकानूनी रूप से नौकरी से हटा दिया जाता है। एनएफएल प्रबंधन की मिलीभगत के चलते ठेकेदारों द्वारा नौकरी से हटाने की धोंस देकर मजदूरों की वेतन से न्यूनतम 5 हजार से 7 हजार रुपये तक प्रति माह वापस लिये जाते हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि एनएफएल विजयपुर जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उद्योग में कानून का उल्लंघन करते हुए काम करने के बाद ठेकेदारों द्वारा दो दो महीने तक मजदूरों के वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कारखाने में स्वास्थ्य सुरक्षा तक के प्रबंध होने के कारण श्रमिकों को हार्ट संबंधी बीमारियाँ हो रही हैं तथा यूरिया की डस्ट के संपर्क के कारण हाथ पैरों में गलाव हो रहा है। एनएफएल विजयपुर में प्रबंधन की मिलीभगत से ठेकेदारों द्वारा लगातार किये जा रहे शोषण तथा कारखाने में व्याप्त तमाम समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर पूर्व में यूनियन के नेतृत्व में अनेकों पत्र देकर प्रबंधन से समस्यायों के समाधान हेतु अनुरोध किया गया है परन्तु निराकरण नहीं किया जा सका है। समस्यायों का समाधान न होने व शोषण के कारण कार्यरत मजदूरों में असंतोष व्याप्त है। इसी को समझते हुये नेशनल फर्टिलाईजर्स मजदूर यूनियन सीटू ने निर्णय लेकर आगामी 14 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक क्रमिक धरना आंदोलन करने का नोटिस एनएफएल प्रबंधन सहित प्रशासन को भी दे दिया है। यूनियन ने यह भी तय किया है कि यदि 18 दिसम्बर तक समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया तो यूनियनअनिश्चितकालीन आंदोलन के साथ कामबंद हड़ताल का निर्णय करने को बाध्य होगी।

# 3 बालिकाओं का हुआ राज्य स्तरीय बॉस्केटवॉल प्रतियोगिता में चयन





**गुना, देशबन्धु।** खेल और युवा कल्याण विभाग गुना के संजय गांधी खेल परिसर में स्थित बास्केटवॉल खेल मैदान पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली पूजा बाल्के, साक्षी चौहान, संजना जाटव का चयन उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय बास्केटवॉल प्रतियोगिता में किया गया है। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी शर्मिला डाबर ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता जबलपुर में आयोजित की जा रही है। उक्त तीनों खिलाडी पूर्व में भी शालेय बास्केटवॉल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके है। संजय गांधी खेल परिसर गुना में खेल विभाग में पदस्थ दुर्गेश चंद सक्सैना द्वारा बास्केटवॉल खेल का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम मैच में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर ने वरकातुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल को 26-16 से हराकर विजय प्राप्त की जिसमें तीनों खिलाडियों को अच्छा प्रदर्शन रहा। गुना जिले के खिलाडियों की इस उपलब्धि पर खेल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित अतुल लुंबा, गोविन्द सैन, मनोज शर्मा, रमेश ओझा, सुरेन्द्र पाल सिंह परिहार, ओ.पी. शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, सचिन स सैना, राहुल तिवारी, जितेद्र यादव, अ दुल रासिद, बीरू खटीक, प्रदीप शर्मा, सतीश रघुवंशी, जय ओझा सहित कई खेल प्रेमियों ने शुभकामनाऐं दी।

# लगातार दूसरे दिन हड़ताल पर बैठे रहे ग्रामीण डाकसेवक




**गुना, देशबन्धु।** ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी है। ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल के चलते जिले की एक सैकड़ा से अधिक शाखाओं में कामकाज ठप हो गया है। हड़ताल के चलते मनरेगा भुकतान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बचत खाता, जमा निकासी का कार्य और डाक सेवाओं का आदान-प्रदान नहीं हो रहा है।

इस मौके पर जीडीएस पदाधिकारियों ने कहा कि इससे पहले भी कई बार सरकार के समक्ष इन मांगों को रखा गया। लेकिन सरकार की ओर से उन्हें सिर्फ आश्वासन दिया गया। ऐसे में अब सभी डाक सेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। जब तक उनकी मांगें पूरा नहीं होतीं तब तक कार्य को बंद रखेंगे। बुधवार को हड़ताल के दौरान जीडीएस कर्मचारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ खूब हल्ला बोला।

उल्लेखनीय है कि 8 घंटे काम व पेंशन लाभ, 1-1-16 से टीआरसी का 12, 24, 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तर्क संगत निर्धारण, कमलेशचन्द्र समिति की सकारात्मक सिफारिशों का कार्यान्वयन, समूह बीमा कवरेज 5 लाख तक बढ़ाने, समानता में जीडीएस ग्रेच्युटी में वृद्धि, 180 दिनों तक की संवैतनिक छुट्टी को आगे बढ़ाना और उसका नगदीकरण करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर जीडीएस कर्मचारी मुख्य डाकघर के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। उनकी मांगों मं एसडीबीएस में जीडीएसऔर विभाग योगदान को बढ़ाकर 10 प्रतिशत करने, जीडीएस द्वारा किए कार्यों को उनके कार्यभार मूल्यांकन में शामिल करने, जीडीएस और नियमित कर्मचारियों के लिए वार्षिक वेतनवृद्धि निकालने में एकरूपता शामिल हैं। जीडीएस पदाधिकारियों के अनुसार सेवाओं को बढ़ाने व तेज करने के लिए शाखा कार्यालयों को लैपटॉप, प्रिंटर, ब्रॉडबैंड नेटवर्क प्रदान करने सहित लंबित मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा रहा है, जिसके चलते राष्ट्रीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की गई है।

# नाबालिग को परेशान करने पर प्रकरण दर्ज

**आष्टा, देशबन्धु।** नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया गया कि पार्वति थाना अंतर्गत अलीपुर निवासी नाबालिग बालिका अलीपुर से आष्टा की ओर आ रही थी।

आरोपी ने उससे छेड़छाड़ कर दी। जिससे तंग आकर नाबालिग फरियादी परिजनों को साथ थाने पहुची और पुलिस को आपबीती सुनाई। और पुलिस ने बताया कि फरियादी नाबालिग को आए दिन आरोपी आदिल पिता आमीन खां निवासी अलीपुर छेड़छाड कर परेशान करता था। यह सिलसिला लगभग 1 वर्ष से चल रहा था कई बार समझाने के बाद भी आरोपी नही माना। पुलिस ने आरोपी आमीन खां के विरूद्ध विभिन्न धाराओ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

### दो भाईयों ने एक महिला के साथ की छेड़छाड़

**आष्टा, देशबन्धु।** दुपाड़िया निवासी महिला के साथ आरोपी ने छेड़छाड़ करने पर परिजन समझाने गए तो दोनों भाइयों ने मिलकर गाली गलौच की । पुलिस ने बताया कि महिला को आरोपी कृपाल मेवाड़ा पिता नारायणसिंह मेवाड़ा निवासी दुपाड़िया एंव उसके भाई राधेश्याम ने घर के सामने गाली गलौच करते हुए बुरी नियत से छेडछाड की। पुलिस ने दोनो आरोपी भाईयों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

### गाली देने से मना किया तो लगा दी पिटाई

**आष्टा, देशबन्धु।** एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक कृपालसिंह पिता नारायणसिंह मेवाड़ा निवासी दुपाड़िया ने पुलिस को बताया कि आरोपी बद्रीप्रसाद गांव वालो को अनावश्यक गाली बक रहा था। मैने मना किया तो आरोपियों ने मेरे साथ रास्ता रोककर गाली गलौच करते हुए मारपीट की। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी बद्रीप्रसाद नरेश पिंटू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

### जेयू एग्री साइंस प्रा लिमिटेड के समस्त उत्पादों पर लगी रोक

**गुना, देशबन्धु।** अनुज्ञापन अधिकारी (बीज) एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा जेयू एग्री साइंस प्रा लिमिटेड के समस्त उत्पादों को जिले में भण्डारण, विक्रय तथा स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाये जाने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश अनुसार कंपनी के द्वारा गुना जिले के कृषि आदान विक्रेताओं को जेयू एग्री साइंस प्रा लिमिटेड के उत्पाद बेचे जा रहे हैं, के संबंध में गुना जिले में आपकी कम्पनी जेयू एग्री साईस प्रा.लि. द्वारा वर्ष 2022-23 तथा वर्तमान वर्ष 2023-24 अंतर्गत किन-किन डीलरों को कितनी-कितनी मात्रा में ब्रांड का प्रदाय किया गया हैं, कि जानकारी के साथ ही म.प्र. में विक्रय करने की परमीशन एवं गुना जिले में विक्रय करने की अनुमति की छायाप्रति अनुज्ञापन अधिकारी (बीज) एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था, परन्तु संबंधित के द्वारा अपने बचाव में आज दिनांक तक कोई भी अभिमत प्रस्तुत नहीं किया गया।

# सामाजिक सुरक्षा शिविरों के तहत हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने आयोजन जारी

**गुना, देशबन्धु।** शासन द्वारा जनकल्याण हेतु योजनाओं का अधिकतम लाभ आम जन तक पहुंचाये जाने के लिए ''सामाजिक सुरक्षा शिविर'' का आयोजन जिले की प्रत्येक जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में दिनांक 27 दिसम्बर 2023 तक अलग-अलग तिथियों में आयोजित किया जायेगा। इसी क्रम में बुधवार को जनपद पंचायत आरोन अंतर्गत ग्राम पंचायत झितिया, जखोदा, कुन्दौली, सारई तथा इमलिया, जनपद पंचायत बमोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत हमीरपुर, बरवन, सुहाया, देहरी, ऐंदवाड़ा, ग्वारखेड़ा तथा खडगपुर, जनपद पंचायत चांचौड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत कालापीपल, सानई, बरखेड़ीमाफी, खेड़ीकलां, मानकचौक, सींगनपुर, खेजडाक़लारानी, नारायणपुरा, नलखेड़ा, मृगवास तथा मेरियाखेड़ीकला, जनपद पंचायत गुना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर, गोपालपुर टकटैया, ढुरढुरू, महूगढ़ा, जमरा, हिनोतिया तथा करकेकीमहू, जनपद पंचायत राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भदौड़ी, दुहावद, चैनपुरा, फाजलपुर, पाटन, बापचा, कीताखेड़ी तथा दुर्गपुरा में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

इस अभियान के प्रभावी सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शिविर प्रारंभ दिनांक से शिविर समाप्ति तक सूची अनुसार अधिकारी/कर्मचारियों को नियुक्त किया गया हैं। उक्त अधिकारी/कर्मचारी हितग्राही मूलक योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में उपस्थित रहकर हितग्राही मूलक योजनाओं के फॉर्म प्राप्त करेंगे, जैसे वृद्धावस्था पेंशन योजनाएं, कल्याणी पेंशन योजनाएं, दिव्यांग पेंशन योजनाएं, पात्रता पर्ची/खाद्यान्न पर्ची, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के बैंक खातों में ई-केवायसी कराना, आहार अनुदान योजनाओं के हितग्राहियों के बैंक खातों में ई-केवायसी कराना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, संबल योजना एवं भवन संनिर्माण कर्मकार मण्डल की योजनाएं, प्रसूति सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता योजना, निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में स्थायी अपंगता होने प्रदान करना, निर्माण स्थल पर कार्य के दौरान अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता प्रदान करना। व्यक्तिगत शौचालय का लाभ प्रदान कराना एवं जन्म प्रमाण-पत्र/ मृत्यु प्रमाण-पत्र के प्रकरणों का निराकरण शिविरों के माध्यम से किया जायेगा। शिविर के मॉनिटरिंग हेतु विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# साईड को लेकर भिड़े मोटर साईकिल चालक, फोड़ा सिर

**गुना, देशबन्धु।** कुंभराज थानांतर्गत मंडी गेट पर मोटर सायकिल साईड में करने को लेकर दो बाईक चालक आपस में भिड़ गए।

इस दौरान एक बाईक चालक ने दूसरे बाईक चालक ने सिर फोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सौरभ पुत्र पप्पू लोधा निवासी वार्ड क्र. 02 शंकरगढ कालोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत सुबह वह अपनी मोटर सायकिल से अपने घर जा रहा था। तभी मण्डी गेट पर से एक मोटर सायकिल वाला आया और मुझसे बोला कि मोटर सायकिल साइड से कर ले। जिस पर फरियादी ने कहा कि में अपनी मोटर सायकिल साईड से ही ले जा रहा हूँ। इसी बात पर आरोपी बाईक चालक दिलीप मीना निवासी चारणखेड़ी ने प्रेशर नली से फरियादी पर हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# बीएमएचआरसी में अब आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी पद्धति से भी मिलेगा इलाज

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में आने वाले मरीज अब आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धति के इलाज का भी फायदा उठा सकेंगे। इसके लिए बीएमएचआरसी परिसर में ही स्वास्थ्य केंद्र क्रमांक 7 में राज्य सरकार के आयुष विभाग के साथ मिलकर आयुष चिकित्सा एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र खोला गया है। बीएमएएच आरसी प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बुधवार को इस परामर्श केंद्र को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर शासकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनीता तोमर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्र के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रभारी निदेशक डॉ. श्रीवास्तव ने कहा, हम राज्य सरकार के आभारी हैं कि उन्होंने इस एकीकत हेल्थ सेंटर खोलने में हमारी मदद की और अपने विशेषज्ञ




चिकित्सकों को इस परामर्श सेंटर में भेजने का फैसला किया। इससे होम्योपैथी, आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों का इलाज कराने वाले गैस पीड़ित मरीजों व अन्य मरीजों को फायदा होगा। बीएमएचआरसी और स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टर भी आवश्यकता महसूस होने पर मरीजों को इस एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र में रैफर कर सकेंगे। आने वाले समय में हम यहां पंचकर्म, शिरोधारा समेत अन्य सुविधाएं भी शुरू करेंगे। कार्यक्रम को शासकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनीता तोमर ने भी संबोधित किया।

### इस तरह काम करेगा केन्द्र

यह केंद्र सोमवार से शनिवार तक सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक खुला रहेगा। यहां सोमवार व मंगलवार को आयुष विभाग में पदस्थ होम्योपैथिक डॉक्टर, बुधवार व गुरुवार को आयुर्वेदिक डॉक्टर और शुक्रवार व शनिवार को यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टर मरीजों को परामर्श देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। सभी मरीजों के लिए यह डॉक्टरी परामर्श निशुल्क रहेगा और उनसे एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध दवाओं के लिए भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## हमीदिया अस्पताल में अंगदान को प्रेरित करेंगे आईसीयू चिकित्सक

**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी मेडिकल कालेज अब हमीदिया अस्पताल में अनूठा प्रयोग करने जा रहा है। इसमें लोगों को अंगदान कर दूसरों को जीवनदान देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आईसीयू में काम करने वाले चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह चिकित्सक इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की स्थिति को देखते हुए उनके परिजनों को काउंसलिंग कर अंगदान के लिए प्रेरित कर सकेंगे। प्रबंधन की मंशा है कि इससे अंगदान करने वालों की संख्या को बढ़ सकती है। गांधी मेडिकल कालेज के डीन डा. सलिल भार्गव के अनुसार अंगदान को किस तरह से बढ़ाया जा सकता है। इस तरफ हम काम कर रहे हैं। इसे लेकर मुस्कान ग्रुप के साथ चर्चा कर रहे हैं। प्राथमिक तौर पर लोगों को प्रेरित करने के आईसीयू के चिकित्सकों को प्रशिक्षण देने और अंगदान करने वाले मृतक के शव को बैंड-बाजों से बड़े अधिकारियों की उपस्थिति में विदाई देकर सम्मानित करने पर चर्चा हो चुकी है, जिससे लोगों को अंगदान के प्रति प्रेरणा मिल सके।

# मप्र में बढ़ेगा सर्दी का असर

***भोपाल, देशबन्धु।*** *किसी प्रभावी मौसमी सिस्टम के सक्रिय नहीं रहने और लगातार सर्द हवाएं चलने से प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी दो दिन मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। इस दौरान रात के तापमान में कुछ और गिरावट होने के भी आसार हैं।*

*मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। लेकिन इसके कमजोर रहने के कारण इसका मप्र के मौसम पर विशेष असर नहीं हो रहा है। वहीं हवा का रुख भी उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से लगातार आ रही सर्द हवाओं के कारण प्रदेश में सिहरन बढ़ने लगी है। दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। इस दौरान रात के तापमान में और गिरावट हो सकती है। हालांकि, एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी अफगानिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इसके असर से दो दिन बाद प्रदेश में कुछ स्थानों पर बादल छा सकते हैं।*

### भोपाल में मौसम की सबसे ठंडी रात रही

*उधर प्रदेश में बुधवार को रात का सबसे कम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस राजगढ़ का दर्ज किया गया, जबकि पर्यटन स्थल पचमढ़ी में 8.8 डिग्री सेल्सियस पर रहा। वहीं राजधानी में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे कम तापमान रहा। प्रदेश के 28 शहरों में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया।*

# भाजपा के पूर्व पार्षद की लॉज में युवक की हत्या

**भोपाल, देशबन्धु।** हनुमानगंज थाने के समीप स्थित भाजपा के पूर्व पार्षद की लॉज में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। लॉज कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हत्या का संदेह लाज में ही पड़ोस के कमरे में ठहरे उत्तराखंड के युवक पर है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



हनुमानगंज थाना पुलिस ने बताया कि अमनदीप सिंह पुत्र हरकेबल सिंह उम्र 44 वर्ष निवासी त्रिलंगा एक चॉकलेट कंपनी के लिए मार्केटिंग का काम करते थे। उनकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी है, जबकि दूसरी पत्नी विदेश में रहती हैं। दो बेटी और एक बेटा त्रिलंगा वाले घर में अमनदीप के साथ रहते हैं। बताया गया है कि अमनदीप शराब पीने के शौकीन थे। लेकिन नशे में उनका परिजनों से विवाद होता था। इसके चलते वह बीते करीब डेढ़ महीने से सपना लॉज में एक कमरा लेकर रह रहे थे और लॉज में ही खाना खाया करते थे। यह लॉज भाजपा के पूर्व पार्षद विष्णु राठौर की है। इस लॉज में ही उनके कमरे के पड़ोस के कमरे में उत्तराखंड निवासी नितिन बृजवासी भी कइ दिनों से ठहरा हुआ था। लिहाजा दोनों के बीच अच्छी बातचीत होने लगी थी। मंगलवार की रात अमनदीप और नितिन एक साथ लॉज स्थित कमरे में शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया तो नितिन ने कांच की फूटी हुई बोतल से अमनदीप पर हमला कर दिया। इससे उनके एक हाथ की नस कट गई। वारदात के बाद नितिन भाग निकला। अमन ने मदद के लिए आवाजें दीं तो शोर की आवाज़ सुनकर लॉज के कर्मचारी मौके पर पहुंचे जहां खून से लथपथ अमनदीप को देखा। इस पर उन्होंने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने कुछ ही देर में उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

# एनसीसी कैडेट ने सीखे व्यक्तित्व विकास के गुर




**भोपाल, देशबन्धु।** एनसीसी कैडेट्स को मानसिक व व्यक्तित्व विकास, सेना में करियर बनाने और अपने स्वास्थ्य की देखभाल के गुर सीखने का अवसर बुधवार को मिला। दरअसल 4 एमपी एनसीसी बटालियन द्वारा सीएटीसी कान्हासैया पीओ में चल रहे शिविर में प्रतिदिन अलग-अलग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 2024 में होने वाली एनसीसी ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ कैंप में छात्र- छात्राओं को भारतीय फौज की विभिन्न गतिविधियां जैसे फायरिंग, ड्रिल,आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा एवं शारीरिक दक्षता, मैपरीडिंग और व्यक्तित्व विकास आदि के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके लिए विभिन्न संस्थाओं से मार्गदर्शक एवं विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित किया जाता है। शिविर में बुधवार को ब्रह्माकुमारी आश्रम से व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण देने के लिए विशेषज्ञ बीके शक्ति राज भाई, बीके ऋषि भाई एवं बीके दिलीप नागले उपस्थित हुए और सभी कैडेट्स को शारीरिक एवं मानसिक प्रबलता प्रदान करने के लिए अपने वक्तव्य से परिपूर्ण किया।

वहीं दूसरी गतिविधि के रूप में एआरओ कार्यालय से मेजर प्रमोद थोड़े एवं सूबेदार मेजर हमबीर सिंह ने सभी कैडेट्स को सेना की चयन प्रक्रिया एवं दिनचर्या के बारे में बताया। दोनों ने कैडेट को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। तीसरे सत्र में चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी कैडेट्स की स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य सुरक्षा के निर्देश दिए गए एवं देखभाल के बारे में बताया गया। वहीं शिविर कमांडेंट कर्नल अजय कोहली ने समस्त एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेना में अपना करियर बनाने और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। शिविर मेंआगामी दिनों में फायर ब्रिगेड, यातायात पुलिस, साइबर पुलिस और एनडीआरएफ द्वारा विभागीय कार्य पद्धति से कैडेट्स को अवगत कराया जाएगा।

# भोपाल हाट में हाथकरघा वस्त्रों के साथ बिखरे फैशन के रंग



**भोपाल, देशबन्धु।** नूतन, एक्सीलेंस, आइआइएफडी, महिला पालिटेक्निक और आइएनआइएफडी की छात्राओं ने हाथकरघा वस्त्रों के साथ फैशन का ऐसा जलबा बिखेरा की देखने वालों की आंखें ठहर सी गईं।

मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से भोपाल हाट में नेशनल हैंडलूम मेले का आयोजन किया जा रहा है। 17 नवंबर तक चले वाले इस मेले में देश भर के बुनकर अपने उत्पादों का विक्रय और प्रदर्शन कर रहे हैं। मेला स्थल पर प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन यिा जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें फैशन डिजाइनिंग की 40 छात्राओं ने कश्मीर, बंगाल, बिहार, लद्दाख सहित कई राज्यों से आए बुनकर- कारीगरों द्वारा बनाए साड़ी, शाल सहित अन्य हाथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादों का रचनात्मकता के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान किसी ने साड़ी को अलग अंदाज में , किसी ने भारतीय वस्त्र को भारत- पश्चिमी शैली में पहना तो किसी ने कश्मीरी साड़ी व शाल को स्कर्ट बनाकर पहनकर दर्शकों की तालियां बंटोरी। छात्राओं ने पांच समूह बनाकर रैंपवाक की और जिस स्टाल के वस्त्र पहने उनके स्टाल नंबर भी बताए। शो की निर्देशक श्रेया पटेल एवं पीहू चौबे थीं। अंत में प्रतिभागी छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह आज से, कई कार्यक्रम होंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के तत्वावधान में 14 से 21 दिसम्बर तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह के दौरान सभी स्थानों पर बिजली बचत के संदेश को प्रसारित करने वाले आयोजन होंगे।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) द्वारा कार्मिकों को ऊर्जा संरक्षण संबंधी शपथ ग्रहण कराई जाएगी। इसी प्रकार कंपनी के कार्यक्षेत्र के सभी क्षेत्रीय, वृत्त, संभाग तथा विद्युत वितरण केन्द्रों पर कार्यालय प्रमुख के द्वारा कार्मिकों को ऊर्जा संरक्षण शपथ दिलाई जाएगी। इसी दिन कंपनी के कार्यक्षेत्र के सभी कार्यालयों में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह संबंधी बैनर कार्यालय के प्रवेश द्वार पर लगाए जाएंगे। कम्पनी ने बताया है कि ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्कूली बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता के द्वारा ऊर्जा बचत एवं संरक्षण तथा सोलर रूफटॉप के संबंध में चित्र उकेरने का अवसर मिलेगा।

### छात्राओं ने लिया दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण का संकल्प



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के गणित विभाग एवं भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्राओं और शिक्षिकाओं ने दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने, ऊर्जा की खपत कम करने और इसका कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। वहीं बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा आयुषी चतुर्वेदी ने ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने के उद्देश्य, ऊर्जा संरक्षण का व्यवहारिक रूप, ऊर्जा संरक्षण के गैर नवीकरणीय संसाधनों के स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के उपयोग, ऊर्जा के सीमित उपयोग के विषय में विस्तृत व्याख्यान दिया। कॉलेज प्रबंधन ने इस कार्यक्रम की सफलता पर सभी को शुभकामनाएं दीं।

### हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी करने पर बढ़ सकती हैं सीएमओ की मुश्किलें

# दैवेभो कर्मचारियों को अब तक नहीं लिया सेवा में



**टीकमगढ, देशबन्धु।** दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को निकाले जाने को लेकर नगर पालिका टीकमगढ़ में पदस्थ सीएमओ गीता मांझी की मुश्किलें बढ़ती नजर आने लगी हैं। उन्हें हाईकोर्ट ने उपस्थित होने के आदेश दिए है। इस आदेश के बाद से अब दैवेभो कर्मचारियों में न्याय की उम्मीद बढ़ने लगी है। बताया गया है कि नगर पालिका में कार्य कर रहे चार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया था। उन्हें निकाले जाने के बाद कर्मचारियों ने हाईकोर्ट की शरण लेते हुए अपनी याचिका दायर की थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सीएमओ को मय वेतन के कार्य करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन उन्होंने इन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नौकरी पर नहीं रखा। नौकरी पर न रखने के कारण हाई कोर्ट ने सीएमओ नगर पालिका टीकमगढ़ को तलब किया है। बताया गया है कि जिन कर्मचारियों को सेवा से हटाया गया था, उनमें चक्रेश पंडित, भागचंद्र रैकवार, मुकेश घोष और दिनेश कुशवाहा के नाम शामिल हैं। यह कर्मचारी नगर पालिका टीकमगढ़ में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में नियमित रूप से कार्य कर रहे थे। इस दौरान दिसंबर 2022, जनवरी और फरवरी 2023 के वेतन का भुगतान नहीं हुआ था, जिसको लेकर कर्मचारियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट से मय वेतन के कार्य कराने का आदेश जारी किया गया था। हाईकोर्ट से जारी हुए आदेश से नगर पालिका अधिकारी को अवगत भी कराया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि हम लोगों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। हम लोगों को कार्य करने के बाद भी तीन माह के वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। जिसको लेकर लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं। आदेश नौ माह पहले आदेश जारी किया गया था। कर्मचारियों ने बताया कि हम कर्मचारियों को सेवा से बाहर कर दिया था। जिसमें 27 फरवरी 2023 को सेवा में लेने और वेतन देने के आदेश हुए थे। 9 माह तक आदेश न मानने और न्यायालय की अवहेलना में नगर पालिका सीएमओ गीता मांझी को 12 जनवरी 2024 को न्यायालय आदेश का पालन न करने के संबंध में जवाब स्वयं उपस्थित होकर देने को कहा है।

## 2 महिलाओं की मौत

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो बुजुर्ग महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक शरी रैकवार पत्नी हज्जू रैकवार उम्र 90 वर्ष जो घर पर खाना खाकर रविवार को सो गई थी। सुबह लगभग 4 बजे करीब जब वह घर के पास स्थित कुएं के पास से निकल रही थी, तभी पैर फिसलने से कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर जांच में लिया। वहीं ग्राम जिनागढ़ में शिम्बू बाई पत्नी छत्ता अहिरवार उम्र 62 वर्ष जो सोमवार को दोपहर में खेत पर नित्यक्रिया के लिए जा रही थी। तभी खेत में डले बिजली के तार की चपेट में आ गई। जिससे उसकी करंटलगने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया।

## चिकित्सा शिविर

**निवाड़ी, देशबन्धु।** कलेक्टर जिला निवाड़ी अरूण कुमार विष्वकर्मा के निर्देशन में जिले में आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में बुधवार को जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार अहिरवार के मार्गदर्शन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुर्वेद औषधालय चौमो द्वारा ग्राम दगरवाह के शासकीय विद्यालय में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन कर आयुर्वेद औषधियाँ दी गयीं।

# दस्तावेजों की हुई जांच, बिना हेल्मेट चालकों के किए चालान

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अब नियमों का उलंघन करना वाहन चालकों के लिए आसान नहीं है। यातायात पुलिस की नजर में आते ही चालानी कार्रवाई होना तय है। पुलिस की चपेट में आते ही वाहन चालकों की खैर नहीं है। पिछले तैईस दिनों से चल रहे अभियान के दौरान लगभग डेढ़ हजार वाहनों के अब तक चालान किए जा चुके हैं। इस अभियान के चलते वाहन चालकों में भी सनसनी फैली हुई है। बिना हैल्मेट वाहन चलाने वालों को यातायात पुलिस द्वारा हैल्मेट लगाने की जहां सलाह दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर मनमानी करने वाले चालकों पर कार्रवाई भी की जाने लगी है। इस संबन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में अभियान चलाकर लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट धारण करने तथा सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है। इन निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा 20 नवम्बर 2023 से लगातार यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वालों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में 13 दिसम्बर 2023 तक यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वाले 1410 चालकों के विरुद्ध चलानी कार्रवाई कर 4 लाख 60 हजार 200 राशि वसूल की गई। विदित है कि टीकमगढ़ पुलिस द्वारा सम्पूर्ण जिले में यातायात जागरूकता के साथ-साथ नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध चलानी कार्रवाई का अभियान लगातार जारी है, टीकमगढ़ पुलिस वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने एवं मोटर साइकिल चालकों से हेलमेट धारण करने की अपील करती है।



### बच्चों की दी जा रही नियमों का पालन करने की सलाह

यातायात पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर जहां लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं चार-पहिया वाहन में सीट बेल्ट धारण करने की सलाह दी जा रही है, वहीं सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक बनाया जा रहा है। बताया गया है कि प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक कैलाश कुमार पटेल द्वारा बुधवार को 13 दिसम्बर को एंजिल्स अबोड पब्लिक स्कूल, टीकमगढ़ एवं होप एकैडमी टीकमगढ़ में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर यातायात नियमों के विषय में विस्तार से अवगत कराया। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने एवं उनके माता-पिता, परिवारजनों को यातायात नियम का पालन करने के सम्बन्ध में आग्रह करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा किए गए यातायात सम्बन्धी प्रश्नों का उत्तर दिया जाकर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

भोपाल, गुरूवार 14 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# संसद भवन की सुरक्षा में बड़ी सेंध

एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पार्टी के दो नवनिर्वाचित मुख्यमंत्रियों- मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत कर रहे थे, उसी दौरान नए संसद भवन को चार लोगों ने अपने निशाने पर ले लिया। इन लोगों ने लोकसभा के भीतर रंगीन धुआं छोड़ दिया। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से दो लोगों ने छलांग लगाकर साबित कर दिया कि देश की सबसे बड़ी पंचायत अब भी वैसी ही असुरक्षित है जिस प्रकार आज से ठीक 22 साल पहले थी जब इसी दिन पुराने भवन पर एक बड़ा आतंकी हमला हुआ था। संयोग से तब भी भाजपा की ही सरकार थी। हालांकि उस घटना और आज के घटनाक्रम के स्वरूप में बड़ा फर्क है लेकिन जो बात स्पष्ट तौर पर उभरकर आई है, वह यही कि सुरक्षा अब भी एक बड़ा मुद्दा है।

दोपहर करीब एक बजे आसंदी पर वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र अग्रवाल विराजमान थे और पश्चिम बंगाल के माल्हदा के सांसद खरगेन मुर्मु अपने सवाल पूछ रहे थे। तभी एक व्यक्ति दर्शक दीर्घा से कूद पड़ा और नारे लगाता हुआ एक से दूसरी बेंच पर छलांगें लगाने लगा। वह अपने जूते से रंगीन धुंआ छोड़ने वाला स्प्रे निकालने के लिये प्रयासरत भी दिखा। उसके पीछे-पीछे एक महिला ने भी छलांग लगा दी। वे लोग नारेबाजी कर रहे थे। सदन में तैनात मार्शल तो बाद में हरकत में आये, कांग्रेस और बसपा के सांसदों ने घेराबन्दी कर उन्हें पकड़ लिया। तत्पश्चात मार्शलों के द्वारा वे पुलिस के हवाले कर दिये गये। इनकी जो शिनाख्त की गई है उसके अनुसार महिला का नाम नीलम (42) है, जो हिसार के रेड स्केवर की बताई गई है। दूसरा लातूर (महाराष्ट्र) का अमोल शिंदे (25) है। जब पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर ले जाया जा रहा था, वह महिला 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'तानाशाही बन्द करो', 'मणिपुर में महिलाओं के साथ अत्याचार बन्द करो' जैसे नारे लगा रही थी।

यह समझने की बात है कि ये चारों पेशेवर अपराधी या प्रशिक्षित आतंकवादी नहीं हैं, बल्कि देश के मौजूदा हाल से त्रस्त आम आदमी के नुमाइंदे हैं। जिस तरह भगत सिंह ने असेंबली में बम फेंक कर अंग्रेजी हुकूमत के कानों तक विरोध की आवाज पहुंचाई थी, यह उसी तरह का काम था। हालांकि देश अब आजाद है और अपनी आवाज पहुंचाने के दसियों वैध तरीके हैं, इसलिए इस तरह के काम को किसी भी नजर से सही नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि यह सरकार के लिये सबक है कि लोगों को व्यथित करने वाले मुद्दों को संवेदनशीलता और वरीयता के साथ डील करना सीखे।

बेशक सुरक्षा में इस बड़ी खामी के जिम्मेदार सीधे-सीधे गृह मंत्री अमित शाह हैं। इन लोगों द्वारा किये गये इस कृत्य का वास्तविक उद्देश्य क्या था, यह तो पूछताछ से ही सामने आ सकेगा परन्तु जिस तरीके से सुरक्षा कवच को भेदा गया है वह अत्यंत चिंताजनक है। बताया जा रहा है कि ये चारों लोग मैसूर के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के पास पर संसद भवन के भीतर घुसे थे। इस घटना को इसलिये भी बड़ी चिंता का सबब मानना चाहिये क्योंकि वह दर्शाती है कि दो दशक पहले संसद भवन पर हुए हमले के बावजूद अब भी सरकार नहीं चेती है। कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने पुष्टि की कि दोनों के पास रंगीन धुंआ छोड़ने वाले कुछ उपकरण भी थे। उन्होंने भी सुरक्षा में इसे गम्भीर चूक बतलाया है। समाजवादी पार्टी की सदस्य डिंपल यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह अच्छा हुआ कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

इसे पहले (2001) के मुकाबले इसलिये कोई कम बड़ा हादसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि उस घटना में हमला बाहर ही हुआ था। उस समय हमलावरों को पुलिस बल तथा सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी का परिचय देते हुए भीतर आने के पहले ही रोक दिया था। उन्हें अंदर तक न पहुंचने देने में कुछ पुलिस वालों ने अपनी जान तक न्यौछावर कर दी थी। तब सुरक्षाकर्मियों समेत 9 लोगों की जान गई थी। इस घटना में यह खैर रही कि वे कोई खतरनाक वस्तु लेकर अंदर नहीं आए। इससे सांसदों की जान को खतरा भी हो सकता था।

उल्लेखनीय है कि कुछ अरसा पहले से ही नये संसद भवन का इस्तेमाल हो रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया था। बड़ी इवेंटबाजी के साथ प्रारम्भ हुए इस नये भवन का यह पहला ही शीतकालीन सत्र है। इस पर सजावट आदि पर तो खूब खर्च हुआ है, मोदी ने संविधान व राजदण्ड के प्रतीक सेंगोल वगैरह लाने के प्रपंच भी खूब रचे थे लेकिन लगता है कि सुरक्षा जैसे बेहद अहम मुद्दे पर उसका ध्यान नहीं है। फिर, यह सरकार हमेशा देश के सुरक्षित हाथों में होने की जो बात करती रही है, उसकी भी पोल खुल गई है। यह घटना बतलाती है कि सरकार की सुरक्षा व्यवस्था बेहद लचर है और देश के सांसद तक असुरक्षित हैं।

सबसे शर्मनाक मंज़र पेश किया वहां मौजूद मीडिया ने। रंगीन धुआं छोड़ता उपकरण पहले एक चैनल वाले के हाथ में लग गया जिसे उसने लाइव दिखाना शुरू कर दिया। टीआरपी की अपार सम्भावना को भांपते हुए तथा अन्य से पिछड़ने की आशंका के चलते चैनल वालों के बीच उसे लेकर शर्मनाक छीना-झपटी हुई। कोई भी अवसर को चूकना नहीं चाहता था जबकि वह उपकरण घटना का एक महत्वपूर्ण साक्ष्य था जिसका इस मामले की फोरेंसिक जांच-पड़ताल के लिये बहुत महत्व है।

बहरहाल, भाजपा के शासन में संसद पर हुए इस एक और हमले के बाद अब यह सवाल और महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या देश वाकई मजबूत हाथों में है।

# सब कुछ धुंधला है

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

सब कुछ धुंधला है, धुंधला है, मैं सारे ये गम भुला के घूम रहा, ये गीत पिछले साल आए एक अलबम का है और युवाओं के बीच खासा मशहूर है। इस गीत की जो शुरुआती पंक्तियां हैं, वो देश की सियासत और देश के भविष्य की सटीक बयानी कर रही हैं। राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक तौर पर हम क्या थे, क्या बनाए जा चुके हैं और अब आगे कैसे होंगे, इस बारे में विचार करें तो वाकई सब धुंधला ही नजर आएगा। आज से 20-30-50 साल पहले के भारत को देखें और आज से उसकी तुलना ईमानदारी से करें तो पता चलेगा कि कैसे संविधान में वर्णित मूल्यों को बड़े शातिराना तरीके से किनारे करते हुए हिंदुत्व की जड़ें गहरी की गईं, फिर देश में नफरत की अमर बेल फैलाई गई और अब समाज में जो स्पष्ट विभाजन हो चुका है, उसे सामान्य साबित किया जा रहा है। और इसका दोष अकेले भाजपा या संघ पर नहीं डाला जा सकता, इस देश के जितने राजनैतिक दल हैं, कांग्रेस समेत, वो सब इसमें भागीदार रहे हैं। क्योंकि अगर भाजपा ने 90 के दशक में ऐलान किया था कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तो बाकी दलों ने भी अपनी कमियों और कमजोर फैसलों के कारण यह सुनिश्चित किया कि भाजपा मंदिर वहीं बनाए और केवल यहीं पर न रुके, बल्कि जम्मू-कश्मीर, मथुरा, काशी और इस तरह के तमाम मंसूबे जो नागपुर ने पाल रखे थे, उन्हें पूरा करके दिखाए।

देश में पिछले 10 सालों से भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार है। ये पूर्ण बहुमत भाजपा को 2014 में 31 प्रतिशत वोट के साथ मिला और 2019 में 38 प्रतिशत वोट के साथ। कांग्रेस समेत बाकी दल यही कहकर खुश होते रहे कि भाजपा को बहुमत मिलने के बावजूद बचे 60-70 प्रतिशत वोट हमारे पास रहे। लेकिन इन वोटों के बावजूद सत्ता क्यों नहीं मिली, क्यों विधानसभा चुनावों में जीत नहीं मिली, इस पर कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। ये विचारधारा और राजनैतिक प्रतिबद्धता का धुंधलापन है, जिसे केवल भाजपा को भला-बुरा कहकर दूर नहीं किया जा सकता। उसके लिए विपक्षी दलों के पास स्पष्ट नजरिया होना चाहिए। खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि हाल में मिली विधानसभा चुनावों में हार के बावजूद अपने प्रदर्शन को लेकर कोई गंभीर मंथन कांग्रेस में दिखाई नहीं दे रहा है। अभी कांग्रेस इसी में खुश है कि भाजपा को मुख्यमंत्री तय करने में एक हफ्ते से अधिक वक्त लग गया। भाजपा ने तीनों राज्यों में एकदम से नए चेहरों को लाकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठा दिया है, तो अब भाजपा में बगावत हो सकती है, इसी ख्याल से कांग्रेस प्रसन्न हो रही है। इसी को वैचारिक दिवालियापन या प्रतिबद्धता की कंगाली कहते हैं।

ये सही बात है कि धुंधलापन भाजपा के स्तर पर भी है। अगर दृष्टिकोण की स्पष्टता होती तो मुख्यमंत्री चयन में इतना वक्त नहीं लगता। जीते हुए विधायकों को यह तय करने दिया जाता कि उन्हें किसे विधायक दल का नेता चुनना है। मगर सत्ता के केन्द्रीकरण के आदी हो चुके प्रधानमंत्री मोदी और उनके सिपहसालार अमित शाह किसी भी तरह अपनी पकड़ कमजोर नहीं करना चाहते। इसलिए तीनों राज्यों में पूर्व मुख्यमंत्रियों और अन्य दिग्गजों को प्रतीक्षा की कतार में छोड़कर नए चेहरों को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी। अब ये मुख्यमंत्री खुद को उपकृत मानते हुए आलाकमान के सामने वफादारी साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद लोकसभा चुनाव की सभी सीटें अपनी पार्टी के खाते में करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देंगे। 2014 के बाद से ऐसा ही हुआ है कि लोकसभा के बाद विधानसभा चुनावों में जीत मिली, फिर विधानसभाओं के जरिए राज्यसभा में पार्टी की ताकत बढ़ी, उसके बाद मनमाने फैसले लेने में आसानी हुई, फिर दोबारा लोकसभा में जीत मिली और फिर से विधानसभा चुनावों में जीत मिली है। यही क्रम चला तो अगले चुनाव यानी 2024 में भाजपा की जीत के दावे खारिज नहीं किए जा सकते। और अगर ये दावे सही हुए तो फिर उसके बाद के विधानसभा चुनावों में जीत की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। यानी एक जीत से दूसरी जीत का मार्ग प्रशस्त होगा। उससे भाजपा की ताकत बढ़ेगी, लेकिन क्या देश ताकतवर बन पाएगा। क्या भाजपा की ताकत से डर कर चीन अरुणाचल से लेकर लद्दाख तक अपने कब्जे के इरादे को छोड़ देगा, क्या भाजपा की ताकत रुपए की ताकत बढ़ा देगी, क्या हमारे देश के विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के सम्मानजनक केंद्र बन जाएंगे, क्या खेतों में फसलें लहलहाने लगेंगी, क्या गंगा का मैल भाजपा की ताकत पाकर दूर हो जाएगा, क्या हिमालय की बर्फ इतनी सख्त हो जाएगी कि अपनी तराई में पल रहे गांवों की रक्षा कर सके, क्या हवा में घुला प्रदूषण भाजपा की आंधी से दूर हो जाएगा, क्या देश के युवाओं को नौकरी के लिए परीक्षा और नियुक्ति के इंतजार के जंजाल से आजादी मिल जाएगी। ऐसे सवालों की लंबी सूची है और जवाब तलाशने के लिए पिछले 10 सालों के भाजपा शासन को देखें तो निराशा ही होगी। जो काम 10 सालों में नहीं हुआ, वो अगले 10 सालों में भी कैसे हो पाएगा। कांग्रेस और बाकी सभी विपक्षी दलों को इन्हीं सवालों के साथ जनता के बीच जाना चाहिए।

> **पिछले 10 सालों से भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार है। ये पूर्ण बहुमत भाजपा को 2014 में 31 प्रतिशत वोट के साथ मिला और 2019 में 38 प्रतिशत वोट के साथ। कांग्रेस समेत बाकी दल यही कहकर खुश होते रहे कि भाजपा को बहुमत मिलने के बावजूद बचे 60-70 प्रतिशत वोट हमारे पास रहे। लेकिन इन वोटों के बावजूद सत्ता क्यों नहीं मिली,इस पर कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया।**

मगर अभी फिर से विमर्श के मुद्दे भाजपा ही दे रही है, वही नैरेटिव सेट कर रही है। जैसे अभी संसद में केन्दीय गृहमंत्री अमित शाह ने पं.नेहरू की जम्मू-कश्मीर को लेकर गलतियां बताईं। एक उलझे हुए जटिल ऐतिहासिक मुद्दे का अति सरलीकरण करते हुए बताया कि केवल दो दिन नेहरू रुक जाते तो पीओके बनता ही नहीं। अमित शाह ने ये बात बिल्कुल मोदीजी की तर्ज पर कही। जैसे नोटबंदी के लिए श्री मोदी ने कह दिया था कि इससे भ्रष्टाचार दूर होगा, आतंकवाद खत्म हो जाएगा, काला धन मिट जाएगा। और जब कांग्रेस के सांसद के घर 3 सौ करोड़ से अधिक की नगदी मिलती है, तो श्री मोदी इसे कांग्रेस का भ्रष्टाचार बताते हुए ये बिल्कुल भूल जाते हैं कि इतनी नकदी मिलने का मतलब है नोटबंदी फेल हो गई है। कांग्रेस सांसद से पहले यूपी में इत्र के व्यापारी के घर भी ऐसे ही रकम पकड़ाई थी, मप्र में कुछ सरकारी अधिकारियों के घर ऐसे ही नोट निकले थे। यानी भ्रष्टाचार एक पार्टी तक सीमित नहीं है और इतनी आसानी से नहीं मिट सकता, जैसा प्रधानमंत्री मोदी दावा करते आए हैं। ऐसे ही जम्मू-कश्मीर की समस्या केवल पीओके बनने या अनुच्छेद 370 के कारण नहीं हुई, उसके लिए बहुत सारे अन्य कारक भी जिम्मेदार रहे, जिनका जिक्र अमित शाह ने अपनी राजनैतिक सुविधा के लिए नहीं किया।

राहुल गांधी ने कहा भी कि अमित शाह इतिहास से अनजान हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता, उन्हें इसे दोबारा लिखने की आदत है...। बिल्कुल सही कहा। लेकिन इससे आगे होना ये चाहिए कि अगर अमित शाह या भाजपा इतिहास को दोबारा लिखने की कोशिश में हैं, तो कांग्रेस और बाकी विपक्षी दल उस कोशिश को रोकने में जुट जाएं। ये काम तथ्यों को जनता के बीच पहुंचाने से होगा। दस सालों में ये दिख गया कि मीडिया भाजपा के साथ है, सोशल मीडिया पर भी उसी का जोर है। तो फिर एक ही तरीका बचा है कि जनता तक सीधी पहुंच कायम की जाए। टीवी चैनल में दो-चार प्रवक्ता एंकरों को जवाब देते हैं और फिर उसकी वाहवाही सोशल मीडिया पर होती है, इससे कुछ हासिल नहीं होना है। इस समय पूरे इंडिया गठबंधन को ऐसे नेताओं की जरूरत है जो जनता के बीच जाकर उन्हें तथ्यों के साथ इतिहास बताएं, संविधान में दिए गए उनके अधिकारों को आसान भाषा में समझाएं और ये भी बताएं कि मंदिर-मस्जिद की लड़ाई में उनका कितना नुकसान हो चुका है और कितना नुकसान होगा। प्रो.मनोज झा, जवाहर सरकार, गौरव वल्लभ, आलोक शर्मा जैसे और लोग इंडिया को तलाशने होंगे, जो जनता को भाजपा की चालाकियां तथ्यों के साथ दिखा सकें। ये एक लंबी प्रक्रिया है, मगर राजनैतिक बदलाव जनता को साथ लिए बिना नहीं हो पाएगा। इसके अलावा कांग्रेस को सगों और ठगों का फर्क भी समझना होगा। क्या यह महज संयोग है कि कांग्रेस की हार के बाद ही शर्मिष्ठा मुखर्जी की अपने पिता प्रणव मुखर्जी पर लिखी किताब विमोचित होती है और उसके वही हिस्से मीडिया के जरिए चर्चा में आते हैं, जिन पर राहुल गांधी, सोनिया गांधी और राजीव गांधी की आलोचना की गई है। क्या शर्मिष्ठा मुखर्जी के साथ पी.चिदम्बरम की तस्वीर कांग्रेस आलाकमान सहज ढंग से लेंगे या इसमें छिपे संदेश को समझेंगे।

ये वक्त सारे गम भुलाकर घूमने का कतई नहीं है, कांग्रेस और इंडिया को देश में छाए धुंधलेपन को किसी न किसी तरह दूर करना ही होगा।

# धारा 370 को सर्वोच्च न्यायालय ने किया निरस्त, पर अनेक मुद्दे रह गये अनुत्तरित

■ अरुण श्रीवास्तव

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 11 दिसंबर को अपने फैसले में संविधान की धारा 370 को निरस्त करने को बरकरार रखा, जिसके बहुआयामी निहितार्थ हैं। शीर्ष अदालत ने धारा 370 की उपधारा (बी) को हटा दिया, लेकिन उसने सीधे तौर पर यह घोषणा नहीं की कि धारा 370 का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। उपधारा (बी) के अस्तित्व समाप्त होने की पृष्ठभूमि में, यह माना जा सकता है कि धारा 370 अप्रचलित हो गई है और अस्तित्वहीन है।

बेशक, आरएसएस, भाजपा और मोदी जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 के प्रावधानों को निरस्त करने की अपनी योजना की सफलता का दावा कर सकते हैं और इसे 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक बड़ी राजनीतिक जीत के रूप में इस्तेमाल करने का प्रयास कर सकते हैं। परन्तु संभवत: हिंदू मध्यम वर्ग के मतदाताओं और भक्तों के एक वर्ग के मानस को प्रभावित करने में सफल होने पर, यह निकट भविष्य में राजनीतिक कार्रवाइयों और जवाबी प्रतिक्रियाओं की एक श्रृंखला शुरू कर देगा।

पीठ ने फिर भी फैसला सुनाया कि 'जम्मू-कश्मीर की कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है' और 1947 के विलय पत्र के माध्यम से उसने भारत संघ को 'पूर्ण रूप से और अंतत: आत्मसमर्पित' कर दिया था, और धारा 370 एक अस्थायी उपाय मात्र था। निश्चित रूप से यह जम्मू-कश्मीर के आम लोगों की गलती नहीं है कि उनके पास 'आंतरिक संप्रभुता' नहीं है जो अन्य राज्यों द्वारा प्राप्त संप्रभुता से अलग है। यदि जम्मू-कश्मीर ने पूरी तरह से और अंतत: आत्मसमर्पण कर दिया था, तो सरकार ने रक्षा, विदेशी मामलों और मौद्रिक लेनदेन को 370 के दायरे में क्यों रखा और बाकी सब कुछ स्थानीय प्रशासन पर छोड़ दिया, जिसे दिन-प्रतिदिन शासन करना था।

> **सॉलिसिटर-जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया था कि अगस्त 2019 में धारा 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर को दिया गया केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केवल एक 'अस्थायी' उपाय था। उस वक्त सरकार ने कहा था कि वह उग्रवाद और आतंकवाद को खत्म करने के लिए यह कदम उठा रही है। अब मोदी सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आतंकवाद खत्म हो गया है, विशेषकर इसलिए कि सरकार द्वारा उठाये गये कदम को अस्थायी बताया गया था।**

ऐसी स्थिति में सभी निर्णय और प्रशासनिक कार्रवाइयां अप्रासंगिक मानी जायेंगी और उनकी कोई संवैधानिक या कानूनी वैधता नहीं होगी। संप्रभुता एक व्यापक शब्द है और यह भारतीय संदर्भ तक ही सीमित नहीं है। वास्तव में यह एक राजनीतिक अवधारणा है जो प्रमुख शक्ति या सर्वोच्च सत्ता को संदर्भित करती है। राजशाही में, सर्वोच्च शक्ति 'संप्रभु' या राजा में निहित होती है। आधुनिक लोकतंत्रों में, संप्रभु शक्ति लोगों के पास होती है और इसका प्रयोग प्रतिनिधि निकायों के माध्यम से किया जाता है। जाहिर है कि जम्मू-कश्मीर में एक विधानसभा थी, इसके सदस्यों का चुनाव राज्य की जनता द्वारा किया जाता था।

इसमें कोई संदेह नहीं कि राष्ट्रपति ने इसे रद्द करने का आदेश दिया। लेकिन उन्होंने गणतंत्रीय लोकतंत्र की रीतियों और मर्यादाओं का पालन करते हुए मोदी सरकार की कैबिनेट के सुझाव पर इसे मंजूरी दे दी। इससे यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि मोदी सरकार ने किसी गलत इरादे से यह कवायद नहीं की, बल्कि सरकार ने साफ शब्दों में सर्वोच्च न्यायलय को अपनी मजबूरियां बताईं, पर न्यायालयी आदेश में मजबूरी नहीं झलकती है।

चूंकि इस मामले में मोदी सरकार ने अपने कैबिनेट फैसले के साथ राष्ट्रपति से संपर्क किया था, जाहिर है, 'राष्ट्रपति को इस धारा के दूसरे प्रावधान के तहत राज्य सरकार की ओर से कार्य करने वाली राज्य सरकार या केंद्र सरकार की सहमति सुरक्षित करने की आवश्यकता नहीं थी।' 370(1)(डी) संविधान के सभी प्रावधानों को जम्मू और कश्मीर में लागू करते समय, क्योंकि शक्ति का ऐसा प्रयोग धारा 370(3) के तहत शक्ति के प्रयोग के समान प्रभाव रखता है, उसके लिए राज्य सरकार की सहमति या सहयोग आवश्यकता नहीं थी।'

सॉलिसिटर-जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया था कि अगस्त 2019 में धारा 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर को दिया गया केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केवल एक 'अस्थायी' उपाय था। उस वक्त सरकार ने कहा था कि वह उग्रवाद और आतंकवाद को खत्म करने के लिए यह कदम उठा रही है। अब मोदी सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आतंकवाद खत्म हो गया है, विशेषकर इसलिए कि सरकार द्वारा उठाये गये कदम को अस्थायी बताया गया था। गृह मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में जारी एक हालिया बयान में स्वीकार किया गया है कि जम्मू और कश्मीर में 2018 से 2022 के बीच 761 आतंकवादी घटनाएं देखी गई। इन सभी हमलों में 174 नागरिकों की मौत हुई है। इसके अलावा राज्य में राजनीतिक अस्थिरता भी बनी हुई है। मोदी सरकार ने नेताओं का भरोसा खो दिया है। इनमें से कई लोग घर में नजरबंद रह रहे हैं।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि संविधान पीठ के न्यायाधीशों में से एक ने धारा 370 के निरस्तीकरण को बरकरार रखते हुए कम से कम 1980 के दशक से जम्मू-कश्मीर में 'राज्य और राज्य के बाहर के सक्रिय' तत्वों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन की जांच करने और 'सुलह के उपायों' की सिफारिश करने के लिए 'सच्चाई और सुलह आयोग' की स्थापना की सिफारिश की। यह कहते हुए कि 'आगे बढ़ने के लिए, घावों को ठीक करने की आवश्यकता है,' सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठता में दूसरे नंबर पर न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने कहा, 'स्मृति के लुप्त होने से पहले, इस आयोग का गठन शीघ्रता से किया जाना चाहिए। इसे समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए। युवाओं की एक पूरी पीढ़ी पहले से ही अविश्वास की भावनाओं के साथ बड़ी हुई है और क्षतिपूर्ति का हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य उन्हीं के प्रति है।'

हालांकि जम्मू-कश्मीर के लोग निराश हैं, लेकिन इस आदेश में आशा की एक उज्ज्वल किरण भी है। पीठ ने मोदी सरकार को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश दिया है। यह 'जितनी जल्दी हो सके किया जाये' इसने कहा और साथ ही उसने चुनाव आयोग को 30 सितंबर, 2024 तक जम्मू और कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने का निर्देश दिया।

एक बार जब कश्मीर के लोग अपने मार्गदर्शन और भविष्य का फैसला करने के लिए अपनी सरकार बना लेते हैं, तो वे घाटी में बाहरी लोगों के जमीन खरीदने के प्रावधान को खत्म कर सकते हैं। यह उन मुख्य कारकों में से एक है जिसने आरएसएस और भाजपा नेतृत्व को सुरक्षा प्रदान करने वाले 370 को निरस्त करने के लिए प्रेरित किया। यदि अदालत को लगता है कि धारा 370 में संशोधन के लिए संसद द्वारा धारा 367 का सहारा लेना 'संवैधानिक रूप से अमान्य' था तो वह इसे निरस्त करने की मंजूरी कैसे दे सकती है। इसने यह भी कहा कि धारा 370 को धारा 367 के तहत शक्ति के प्रयोग से संशोधित नहीं किया जा सकता है, जो केवल एक व्याख्यात्मक खंड है और कोई संशोधन शक्ति या प्रावधान नहीं है। ग़लत तो ग़लत है। 'दुर्भावनापूर्ण' राजनीतिक इरादे को रेखांकित करना बहुत मुश्किल है।

मोदी सरकार इस बारे में कोई ठोस और उचित स्पष्टीकरण नहीं दे सकी कि किस वजह ने उसे राज्य को विभाजित करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण था कि कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के विघटन पर निर्णय लेने में सर्वोच्च न्यायालय की अनिच्छा पर 'निराशा' व्यक्त की, और कहा कि वह धारा 370 को निरस्त करने के फैसले से सम्मानपूर्वक असहमत है।

इस पृष्ठभूमि में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी ने जानना चाहा: 'कब तक केंद्र सरकार रिमोट कंट्रोल से राज्य पर शासन करने का इरादा रखती है? डर किस बात का है? सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में विरोधाभास है। हालांकि इसमें कहा गया है कि वे राज्य को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के फैसले की वैधता पर फैसला नहीं करेंगे। इसे एक खुला मामला घोषित करते हुए उन्होंने लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने को उचित ठहराया।

दुर्भाग्य से कश्मीरी लोगों के घावों पर मरहम लगाने का अवसर खो गया है। कश्मीर के लोगों ने सब कुछ अपने भाग्य पर छोड़ दिया है। उन्हें सुरंग के अंत में प्रकाश की कोई झिलमिलाहट दिखाई नहीं देती। यही कारण है कि वे अच्छी या प्रतिकूल टिप्पणी करने से बचते रहे। शीर्ष अदालत के इस आदेश से राजनीतिक नेताओं और आम लोगों को राहत नहीं मिली है। उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे नेता फैसले के बाद के विकल्प तलाश रहे होंगे।

## पावन प्रसंग

# जो मर्म को छू जाए वही शिष्टाचार

एक कहावत है- दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करो जैसा कि तुम चाहते हो कि लोग तुम्हारे साथ करें। तुम नहीं जानते कि कोई तुम्हारे साथ अशिष्टता से पेश आए, तुम्हारा अपमान करे, तुम्हारी अवहेलना करे। यदि कोई ऐसा करता है तो तुम्हें बुरा लगता है। अत: सोचो कि जैसा तुम्हें इन बातों से बुरा लगता है, वैसे ही यदि तुम दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करोगे तो उन्हें भी बुरा लगेगा। अत: तुम्हारा कर्तव्य है कि तुम दूसरों की भावनाओं का ध्यान रखो। यह साधारण कर्तव्य है, समझदारी है, मनुष्यता है। मनुष्य के चरित्र की सबसे बड़ी परीक्षा इसी के द्वारा संभव है कि उसका व्यवहार दूसरों के प्रति कैसा होता है?

शिष्ट आचरण और सद्व्यवहार से शिष्टाचार बनता है। जब हम अपने भाव एवं विचार से पावन एवं श्रेष्ठ होते हैं तो हमारा आचरण स्वाभाविक रूप से शिष्याचार से ओत-प्रोत हो जाता है। शिष्टता मानव जीवन का सौंदर्य है। इसका संबंध गहन स्वाध्याय, परम अनुशीलन, कठोर साधना और विद्यानुराग से है। विपरीत परिस्थितियों में अपने अस्तित्व को बचाए रखना शिष्टता के कारण संभव हो पाता है। शिष्टता प्रतिभा का एक अंतर्निहित नैसर्गिक तत्व है। इसे संरक्षित कर के भविष्य के लिए पोषक बनाना बार-बार के अभ्यास से आता है। निंदा-स्तुति की चिंता किए बिना शिष्टता अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती है। मूल्यांकन करने के लिए कठोर तप का संदर्भ मूल्यवान बनाता है। जो जितना अधिक श्रेष्ठ रहता है, वह उतनी गहराई से पारदर्शिता की अनुभूति करता है।

किसी के मन का वास्तविक अध्ययन करने के लिए अंतर्मन की दृष्टि, परोपकारी वृत्ति और सरलता ही मूल आधार होते हैं। निर्मल दर्पण में ही पारदर्शी स्वरूप दिखाई पड़ता है। कवि भवभूति ने लिखा कि-मेरी रचनाओं का उद्देश्य विद्वानों की सूची में सम्मिलित होना नहीं है। यह आवश्यक नहीं है कि लोग मुझे श्रेष्ठ विद्वान कहें। मुझे विश्वास अवश्य है। आगे कहते हैं- फलप्राप्ति के लिए परम धैर्य धारण करना शिष्टता की श्रेणी में गिना जाता है। सम्यक नीर-क्षीर विवेक का मूल्यांकन करना वही जानते हैं जिनकी दृष्टि सत्य, न्यास से युक्त रहती है।

शिष्टता विनम्रता का ही एक रूप है। यह उत्तम ज्ञान एवं विद्या प्रदान करती है। शिक्षा शिष्टाचार के लिए उतनी उपादेय नहीं है, जितनी विद्या। जब विद्या की शिष्टता जीवन को आत्मसात करने लगती है, तब जीवन विकसित होने लगता है। असाधारण स्मरण शक्तियां, बुद्धि की कुशाग्रता ही शिष्टता को समृद्ध बनाती है। प्रेम और करुणा के बिना शिष्टता का विकास संभव नहीं है। असाधारण व्यक्तित्व कोहिनूर जैसी चमक बिखेरता है। इस हीरे पर जिस रंग की रश्मि पड़ती है, उसे वह सौ गुना अधिक तेजी से प्रतिभासित करता है। अच्छे के साथ सभी लोग अच्छे रहते हैं, पर बुरे के साथ अच्छे बने रहने पर इतिहास बनता है। सहनशीलता से जीवन में असाधारण परिवर्तन होता है। शिष्टाचार, विनम्रता एवं शालीनतापूर्ण आचरण ही वह आभूषण है, जो मनुष्य को आदर व सम्मान दिलाता है। शिष्टाचार व्यवहार का माध्यम है इसी आधार पर सभ्यता एवं संस्कृति का भवन निर्माण होता है। एक दूसरे के प्रति सद्भावना सहानुभूति व सहयोग आदि शिष्टाचार के मूल आधार हैं।

शिष्टाचार का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। शिष्टाचार संबंधों में मधुरता एवं स्थायित्व प्रदान करता है। बड़ों का यथोचित सम्मान एवं छोटों के प्रति स्नेहिल प्यार करना चाहिए। इसी शिष्टाचार का सदैव पालन करना चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# देश के विकास की दिशा को नया आयाम

हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए, जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें। बिना संस्कृति, संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता। वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंत:प्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। यदि यही सिद्धांत और अंत: प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे, उनके विचारों में मौलिकता, नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि –दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं। विवेकानंद जी के विचार सर्वकालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है। भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है। विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

**संजीव ठाकुर**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### प्रभारी अधिकारी ने आईईसी वेन का किया गया निरीक्षण

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा जिले में उपलब्ध कराई गई आठ आईईसी वेन द्वारा नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी अधिकारी श्री प्रोवश रंजन विश्वास आईओएएस आर्थिक कार्य विभाग भारत सरकार ने कलेक्ट्रेट परिसर में आईईसी वेन का निरीक्षण किया। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा आईईसी वेन हेतु बनाए गए रूट चार्ट तथा यात्रा की तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। इन आईईसी वेन द्वारा सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आईईसी वेन में उपलब्ध ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पम्पलेट, बुकलेट इत्यादि से सूचनाओं और जानकारियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया तथा अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे भी उपस्थित रहे।

### त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

**छतरपुर, देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। घोषित कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत छतरपुर, नौगांव, राजनगर, गौरिहार, बिजावर और लवकुशनगर के अंतर्गत 58 पंच पदों का निर्वाचन मतपत्र से और जनपद राजनगर अंतर्गत 1 जनपद पंचायत सदस्य पद का निर्वाचन ईव्हीएम से कराया जायेगा। बताया गया है उप निर्वाचन की सूचना, आरक्षण की सूचना और मतदान केन्द्र की सूची का प्रकाशन 15 दिसम्बर को प्रात: 10.30 से अपरांह 3 बजे तक किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र 22 दिसम्बर तक मिलेंगे। इनकी नाम जांच 23 दिसम्बर को प्र होगी और नाम वापसी 26 दिसम्बर को अपरांह 3 बजे तक हो सकेगी। मतदान 5 जनवरी 2024 को प्रात: 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कराया जाएगा। पंच पद की मतगणना मतदान समाप्ति के बाद और जनपद सदस्य पद के लिए मतगणना खण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से 9 जनवरी को प्रात: 8 बजे से कराई जयेगी। पंच सारणीकरण-परिणाम की घोषणा 11 जनवरी को प्रात: 10.30 बजे से और जनपद सदस्य सारणीकरण परिणाम की घोषणा 9 जनवरी को प्रात: 10.30 बजे से की होगी।

### शहर में प्रवेश करने वाले रेत से भरे ट्रैक्टरों पर होगी कार्यवाही

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर अवैध रूप से रेत लादकर छतरपुर शहर की सीमा में प्रवेश करने वाले ट्रैक्टरों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके निर्देश देते हुए कलेक्टर ने खनिज अधिकारी से कहा है कि रेत से भरे ट्रैक्टर शहर में प्रवेश न करें। इस संबंध में बैरियर बनाएं। जहां भी ऐसे ट्रैक्टर खड़े होते है उनकी चेकिंग की जाए। कमी मिलने तुरंत जब्ती की जाए। कलेक्टर ने सहायक कलेक्टर को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यालयों के बाहर दलाली करने वालों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टर ने जिलें में गुड गर्वेनेंश के इंटीगेटर ओर रैंकिंग की समीक्षा की। साथ ही इंशीनेटर प्लांट लगाने प्रस्ताव भेजेंने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर संदीप जीआर ने सीएमएचओ को स्वास्थ्य केन्द्रों में जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर बॉयोमेडिकल वेस्ट को नष्ट करने के लिए इंशीनेटर प्लांट लगाने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश देते हुए कहा कि जहां प्लांट बंद हैं, उन्हें चालू कराएं। इसके साथ ही कलेक्टर ने डीपीसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि माध्यान्ह भोजन में लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा जहां क्वालिटी और मीनू अनुसार भोजन न रहे वहां के संबंधित बीआरसी पर कार्यवाही करें। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था के साथा भोजन पकाने और परोसने के संबंध में ब्लॉक स्तर पर ट्रैनिंग रखने के निर्देश दिए।

# 12 नगरीय निकायों और 521 पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे शिविर

▸ केन्द्र के अधिकारी ने की जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ ही पात्र लाभार्थियों को हितलाभ वितरित किए जाएंगे। भारत सरकार द्वारा रायसेन जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु बनाए गए प्रभारी अधिकारी प्रोवश रंजन विश्वास आईओएएस आर्थिक कार्य विभाग भारत सरकार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित होने वाले शिविरों तथा कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा रायसेन जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन हेतु की गई व्यवस्थाओं तथा तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।




कलेक्टर दुबे ने बताया कि जिले में 12 नगरीय निकायों और 521 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित किए जाएंगे। रायसेन जिले को आठ आईईसी वेन प्राप्त हुई हैं। यात्रा हेतु रूटचार्ट बनाते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने जिले में केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, अभी तक लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या, कार्यक्रम स्थल पर आयोजित होने वाले शिविरों में स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, कृषि विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्य विभाग सहित संबंधित विभागों द्वारा लगाए जाने वाले काउंटर्स, योजनाओं के प्रचार-प्रसार, आवेदन प्राप्त किए जाने, पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाकर नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत सहित केन्द्र सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी तथा हितलाभ वितरित किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थलों पर ड्रोन से खेतों में नैनों यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही मिट्टी स्वास्थ्य परीक्षण, जैविक खेती तथा उन्नत कृषि तकनीकों की भी जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य केन्द्रीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए आवेदन भी लिए जाएंगे।

इसी प्रकार विभिन्न बैंकों द्वारा शिविरों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना के फार्म लिए जाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पशुपालकों और मत्स्य पालकों को केसीसी वितरण किया जाएगा। इनके अतिरिक्त खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा की गई तैयारियों से भी अवगत कराया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, एसडीएम रायसेन मुकेश सिंह सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

3 दिन में बकाया राशि भुगतान करने की दी चेतावनी

# बकाया राशि वसूलने नगर परिषद का अमला पहुंचा घर



**सांची,देशबन्धु।** नगर में नगर परिषद के विभिन्न करो से बेफिक्र बकाया दारों से बकाया वसूली करने नप टीम घर घर पहुंची । बकाया दारों से तीन दिन के भीतर बकाया राशि जमा करने की दी चेतावनी अन्यथा होगी नियमानुसार कार्रवाई । जानकारी के अनुसार नगर में नगर परिषद के विभिन्न करों के भुगतान में बकाया दार बेखबर बनकर बैठे हुए थे हालांकि नगर परिषद प्रशासन द्वारा अनेक बार बकाया दारों से बकाया राशि भुगतान करने मौखिक एवं नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने की अपील की जा चुकी है परन्तु बकाया दार बेफिक्र बने हुए थे जिससे नगर परिषद का विकास भी प्रभावित हो रहा था अब नगर परिषद प्रशासन के तेवर सख्त हो चुके हैं अब बकाया दारों से बकाया राशि वसूलने नगर परिषद ने टीम का गठन किया है तथा बकाया राशि वसूलने टीम घर घर जाकर वसूली करने जुट गई है आज नगर परिषद बकाया टीम नगर में अपनी बकाया सूची लेकर बकाया दारों के घर पहुंच कर दस्तक दे रही है तथा बकाया राशि वसूली करने सख्त हो गई है जो बकाया दार बकाया राशि भुगतान करने आनाकानी कर रहे हैं उन्हें बकाया टीम ने तीन दिन का अंतिम समय बकाया राशि जमा करने का समय दिया है तथा इस समयावधि में बकाया राशि जमा नहीं की जाती तो नगर परिषद प्रशासन बकाया दारों पर नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी भी दे रही है जिससे नगर परिषद के बकाया दारों में हड़कंप मच गया है । इस बकाया दल में शामिल सीएमओ राजेन्द्र सिंह यादव संपत्ति अधिकारी रमेश शर्मा राजीव श्रीवास्तव शुभम श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस लाइन और ई-लर्निंग सेंटर लाइब्रेरी का निरीक्षण



**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा पुलिस लाइन परिसर में पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस परिवार के छात्रों के अध्ययन के लिए स्थापित ई-लर्निंग सेंटर लाइब्रेरी का भी जायजा लिया है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर की सभी शाखाओं, पुरुष एवं महिला बैरक को देख, पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मियों की आवश्यकताएं जानीं। इसके साथ उन्होंने छात्र-छात्राओं को नवीनतम पाठ्य पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई। ई-लर्निंग सेंटर लाइब्रेरी में रजिस्टर, अध्ययन हेतु पाठ्य पुस्तकें, सभी कंप्यूटर सिस्टम, संसाधन का निरीक्षण करते हुए अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं से चर्चा भी की। इसके साथ ही उन्हीने ई लर्निंग सेंटर के विस्तारीकरण एवं अन्य संसाधनों जैसे सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य आधुनिक डिवाइस की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी विक्रम सिंह, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, उप निरीक्षक हेमंत नायक, सूबेदार प्रभा सिलावट सहित अन्य शाखाओं के संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रचार रथ से गांव-गांव में लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रचार रथ गांव गांव जाकर लीगों को योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। इन रथों में एलईडी स्क्रीन और स्पीकर के माध्यम से केन्द्रीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से विकास के बारे में जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा विभागों के अधिकारियों को कैम्प लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। जिन योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है उनमें पेंशन, स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य मेला, आयुष्मान कार्ड, कृषि से संबंधित स्टाल, स्व सहायता समूहों के स्टाल, बैंकिंग क्षेत्र के स्टाल और आदिवासी विकास विभाग से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। ये रथ जिले के ग्राम सिंहपुर, बाजाखेड़ा, शिकारपुरा, कूड़, महाराजपुर, खिरवा, अनगौर एवं नौगांव सहित कई गांवों में जाकर आमजन को योजनाओं के बारे में जानकारी दे चुके हैं। ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय, प्रधानमंत्री उज्वला, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामत्वि, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर योजनाओं की जानकारी दी गई है।

# लूट के आरोपी को घटनास्थल लेकर पहुंची पुलिस



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** 10 अक्टूबर 2023 को स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा के ठीक सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कर्मचारी अभिषेक रघुवंशी को लूटने असफल प्रयास एवं लुटेरों द्वारा फायरिंग करने की की घटना से जुड़े आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है आज पुलिस मुख्य आरोपी को लेकर घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ कर शिनाख्त कराई गई। ज्ञात हो कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा का कर्मचारी 500000 रुपएकी राशि बिना सिक्योरिटी गार्ड लिए भारतीय स्टेट बैंक की शाखा मोटरसाइकिल से आया था। लुटेरे भी मोटरसाइकिल से उसका पीछा करते हुए घटना स्थल तक पहुंचे थे और जैसे ही बैंक कर्मी बैंक कर्मी बैंक के सामने रुका ,तभी लुटेरे ने उससे नोटोंसे भरा बैग को छीन ने का असफल प्रयास किया था ,जब बैग नहीं छीन पाए थे तो फायरिंग भी की थी ,लेकिन कोई गंभीर घटना घटित नहीं हुई और लुटेरे भाग खड़े हुए थे उक्त घटना को जिला परिषद अधीक्षक ने गंभीरता से लेते हुए जाट पटेल जांच दल गठित किया था।

# स्कूल संचालक से नौकरी के नाम पर साढ़े 3 लाख ठगे, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

मुरैना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जौरा खुर्द गांव के एक स्कूल संचालक से एक वर्ष पूर्व ग्वालियर के युवक ने संविदा वर्ग-3 की नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लाख 50 हजार रूपए हड़प लिए और ना ही युवक को नौकरी दिलाई तथा रुपए भी देने में आना-कानी कर रहा है। पीड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है, जिस पर से सिविल लाइन थाना पुलिस को एफआईआर के लिए निर्देशित किया गया है। फरियादी राजेश कुमार निवासी जौरा खुर्द संचालक ड्रीम वैली स्कूल ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी जिसमें बताया कि शासकीय नौकरी दिलाये जाने का झांसा देकर आरोपी धारासिंह पुत्र हरिफूल सिंह राजौरिया निवासी चौहान डेयरी के सामने रानीपुरा रोड हजीरा ग्वालियर जो उसके परिचय में था और 20 मार्च 2022 को मेरे घर आकर परिवारजनों के समक्ष रुपए 3 लाख नगद एवं 24 मार्च 2022 को रुपए 50 हजार स्वयं के बैंक ऑफ इण्डिया के खाता क्र.9462100110003177 शाखा ग्वालियर में राशि अंतरित की गई थी। आरोपी लंबे समय से गुमराह कर रहा है और रुपए वापस नहीं दे रहा है, जिस कारण युवक अभी तक बेरोजगार घूम रहा है। राजेश ने सरकारी नौकरी पाने के लिए अपना प्लॉट बेचकर धारा सिंह को उक्त राशि दी और अब वह आर्थिक रूप से कमजोर है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सिविल लाइन थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

### करंट लगने से युवक की मौत

**मुरैना।** जिले के सराय छोला थाना अंतर्गत गडोरापुरा गांव में बुधवार की सुबह बिजली का करंट लगने से घायल युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम का विवेचना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैलू पुत्र रमेश गुर्जर 35 गडोरा पुरा सरायछोला बुधवार की सुबह घर के बाहर पानी के बोरबेल के तार लगा रहा था, तभी करंट लगने से युवक बुरी तरह झुलस गया और उसे गंभीर हालत में परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा युवक का पीएम कराकर लास परिजनों को सौंप दी है और मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

### घर से गायब चार बच्चों की मां को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंपा

मुरैना ।जौरा शहर से लगभग सत्रह,अठारह दिन पहले गायब चार बच्चों की मां को स्थानीय पुलिस ने आगरा से बरामद कर उसके पति एवं देवर को सौंप दिया है। प्रभारी नगर निरीक्षक सुरेश मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार 24 नवंबर 2023 को मंडी गेट निवासी 31 वर्षीय एक महिला घर से बिना बताए चली गई थी।

# स्टेट बैंक के एटीएम को कटर से काटकर 22 लाख ले उड़े बदमाश

**मुरैना, देशबन्धु।** बीती रात्रि सबलगढ़ क्षेत्र में सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ और मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के मध्य एमएस रोड पर नगर पालिका की दुकानों में संचालित स्टेट बैंक एटीएम को बीती रात्रि बदमाशों ने कटर से काट दिया और उसमें रखा 22 लाख रुपए का केस लेकर फरार हो गए। घटना का पता सुबह जब लगा तो एसबीआई कैश मैनेजमेंट सिस्टम के प्रतिनिधि ने इसकी सूचना सबलगढ़ थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के पश्चात पुलिस एवं बुधवार की देर दोपहर साइबर सेल की टीम मौके पर पहुंच गई है तथा मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत है और पुलिसिया गस्त पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि अज्ञात बदमाशों ने एसबीआई के एटीएम को काटकर उसमें रखा कैस समेट लिया। घटना को अंजाम देने से पूर्व बदमाशों ने वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर कालिक पोत दी, जिससे उनकी कोई भी गतिविधि रिकॉर्ड ना हो सके। यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि एटीएम पर रात्रि में गार्ड तैनात रहता है, लेकिन गार्ड के संबंध में केस मैनेजमेंट एवं बैंक अधिकारी कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं कर पा रहे। इस संबंध में कैश मैनेजमेंट सिस्टम के प्रतिनिधि शशिकांत सिंह जादौन ने बताया कि 12 दिसंबर को 14 लाख रुपए जमा किए गए थे, इस प्रकार 12 दिसंबर को दोपहर 2ः00 बजे एटीएम में कुल केस करीब 22 लाख रुपए था, इसके बाद ग्राहकों ने इसमें लेनदेन किया। रात्रि को एक गार्ड इस एटीएम पर रहता है, लेकिन शशिकांत सिंह जादौन सहित सबलगढ़ भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर द्वारा भी यह नहीं बताया जा सका कि गार्ड रात्रि को किस समय से किस समय तक रहता है और घटना के दौरान गार्ड कहां पर था। दिन के समय इस एटीएम पर कोई गार्ड नहीं रहता है।

बुधवार की सुबह 10 बजे शशिकांत सिंह जादौन द्वारा पुलिस को 100 नंबर के माध्यम से कॉल करके सूचना दी गई। नगर प्रभारी पुलिस सबलगढ़ आर के गर्ग द्वारा इस सूचना के आधार पर एटीएम का निरीक्षण किया गया एवं भारतीय स्टेट बैंक की शाखा नंबर तीन सबलगढ़ में भी उन्होंने संपर्क किया। बुधवार की शाम तक कोई भी बैंक का अधिकारी-कर्मचारी उक्त रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं पहुंचा है। एटीएम में कैश जमा करने वाले शशिकांत ने बताया कि रीजनल ऑफिस भारतीय स्टेट बैंक ग्वालियर द्वारा कैश मैनेजमेंट सर्विस कंपनी के माध्यम से इस एटीएम को संचालित किया जाता था, इसमें कितना कैश था, कब इसकी चोरी हुई एवं इसकी रिपोर्ट कहां होगी और कौन करेगा, इस बारे में ग्वालियर का कार्यालय ही बता सकता है। हम इस एटीएम को संचालित करने के लिए और इसकी देखरेख करने के लिए जिम्मेदार नहीं है।

**शटर डालकर दिया गया वारदात को अंजाम:** सबलगढ़ क्षेत्र में एटीएम काटकर रुपए ले जाने की यह पहली घटना है। एटीएम अंदर दुकान में लगा है, लोहे की शटर दुकान के बाहर लगी है, कोई भी व्यक्ति दुकान का शटर डालकर अंदर कुछ भी कर सकता है। ऐसा अनुमान है कि निश्चित रूप से रात्रि को गार्ड नहीं होगा, तभी यह घटना घटित हुई होगी। इस रोड पर रात्रि को ट्रैफिक बहुत कम रहता है, पास की सभी दुकानें बंद रहती हैं, इसलिए आम जनता का या किसी भी अन्य व्यक्ति की इस पर निगाह नहीं गई होगी। सबलगढ़ थाने में अभी तक किसी भी बैंक कर्मचारियों द्वारा अथवा एटीएम कर्मचारियों द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

### बच्चियों को अगवा कर ले जा रहे युवक को पुलिस के हवाले किया

**मुरैना।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सिंगल बस्ती इलाके में बुधवार की सुबह पार्क में खेल रही दो मासूम बच्चियों को एक युवक अगवा कर ले जा रहा था, जिसे लोगों ने देख लिया और उसका पीछा करते हुए पटी गली के पास पकड़कर मारपीट कर दी तथा कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सिंगल बस्ती इलाके में सामुदायिक भवन के पास रहने वाली बच्ची यशिका रजौरिया पुत्र मुकेश कुमार उम्र 7 साल निवासी सिंगल बस्ती, खुशी पुत्री दीवान उम्र 12 साल अम्बेडकर पार्क में खेल रही थी, तभी एक गोविंदा नामक युवक निवासी उत्तम पुरा मुरैना बच्चियों को झूला-झुलाने के नाम पर ले जा रहा था, थोड़ी देर बाद जब घर वालों को बच्चियां नहीं मिली तो उन्होंने घर के आसपास पता किया तो नहीं मिली, तब परिजनों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे, पता चला कि एक लडक़ा बच्चियों को ले जा रहा है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### आज सुबह 8 से 10 बजे तक रामनगर फीडर में बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में गुरुवार सुबह रामनगर सब स्टेशन पर फीडर बदलने के चलते सुबह 8ः00 बजे से 10ः00 बजे तक इस फीडर से बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस संबंध में मुलताई टाउन जेई ने जानकारी देते हुए बताया कि राम नगर सब स्टेशन पर फीडर बदलने का कार्य किया जाना है, जिसके चलते गुरुवार सुबह 8 बजे से 10 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी, जिससे बैतूल रोड, भगतसिंह वार्ड, बस स्टैंड से आगे का क्षेत्र प्रभावित होगा, यहां दो घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। बिजली उपभोक्ता से निवेदन किया जाता है की इस समय होने वाली परेशानी से बचने के लिए समय का ध्यान रखे।

### खंबारा टोल के पास बाइक अनियंत्रित होने से गिरकर घायल हुआ युवक

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभातपट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले खंबारा टोल के पास बुधवार सुबह करीब 11ः00 बजे एक बाइक अनियंत्रित होने से बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। उसके सर में गंभीर रूप से चोट आई, जिसकी सूचना एनएचएआई एंबुलेंस को दी गई, जिसके बाद एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी राजेश भुजाडे और पायलट कृष्णा पवार मौके पर पहुंचे और उन्होंने खंबारा निवासी शिवजी साहू को एंबुलेंस के माध्यम से मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जा रहा है की बाइक से गिरने के कारण शिवजी के सर में गंभीर रूप से चोट आई है।

### कार का फटा टायर, सामने चल रहे ट्रक से हुई टक्कर, बड़ा हादसा टला



**मुलताई, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे 47 पर ग्राम मोही के पास बुधवार दोपहर में अचानक से बैतूल से मुलताई की ओर जा रही एक कार का टायर फट गया और वह कार सामने चल रहे ट्रक से जाकर टकरा गई। जिसके चलते कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस सड़क दुर्घटना में कार में सवार तीन से चार लोगों के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिन्हें एनएचएआई एंबुलेंस के माध्यम से मुलताई के अस्पताल पहुंचाया गया है। कार कहां से कहां जा रही थी और कौन लोग इसमें सवार थे इस संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है।

# अविवादित बंटवारा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें: अपर कलेक्टर

- राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिये निर्देश



**हरदा, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित बंटवारा के लंबित प्रकरणों का इसी माह निराकरण करें। उन्होंने नजूल संबंधी लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उन्होने लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिये। अपर कलेक्टर डॉ. गौड़ा ने बैठक में कहा कि सी एम हेल्पलाइन में प्राप्त सभी शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें। उन्होने बैठक में निर्देशित किया कि पीएम किसान योजना के तहत आधार बैंक खाता लिकिंग के लिए विशेष अभियान दिसंबर माह में आयोजित करें। बैठक में संयुक्त कलेक्टर के.सी. परते व सुश्री रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा आशीष खरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को किया सम्मानित



**बैतूल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पीसीपीएनडीटी अधिनियम संबंधी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी नमिता धोटे, द्वितीय कुमारी गौरी पुंडे, तृतीय कुमारी अंकिता कवड़े रहीं।

कार्यक्रम में महाविद्यालयीन पीसीपीएनडीटी ब्रांड एम्बेसेडर छात्रा खुशबू मालवीय बीए द्वितीय वर्ष, सिया मालवीय बीएससी द्वितीय वर्ष, आयुषी उइके बीएससी द्वितीय वर्ष, मनीषा कुमरे बीएससी द्वितीय वर्ष, वेशाली गवाड़े एमएससी प्रथम सेमेस्टर, मुस्कान महाले एमएससी प्रथम सेमेस्टर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालयीन अग्रणी बालिकाओं द्वारा ब्रांड एम्बेसेडर के रूप में स्कूली छात्राओं के लिये पीएनडीटी अधिनियम की जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

कार्यक्रम के दौरान जिला सवेर्लेंस अधिकारी डॉ.राजेश परिहार ने लिंग चयन एवं लिंग आधारित गर्भपात के दुष्प्रभाव, गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी प्रदाय की। उन्होंने छात्राओं को गर्भपात के शरीर पर पडने् वाले मानसिक एवं शारीरिक दुष्परिणामों से अवगत कराया।

## भूमि स्वामी की अनुमति बगैर टावर लगाने खोदा गड्ढा, कलेक्टर से की शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली ब्लाक के ग्राम गदाखार में अतिक्रमण तेजी से जारी है। ताजा मामला बीएसएनएल का सामने आया है। कंपनी ने निजी भूमि पर बिना अनुमति टावर खड़ा कर दिया। आवेदक ग्रामीणों ने कहा हमने सरपंच, जनपद सदस्य से लेकर राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी से शिकायत भी की, लेकिन वे भी अतिक्रमण नहीं हटवा सके। दूरसंचार विभाग बीएसएनएल द्वारा बिना अनुमति के जमीन पर टावर का गड्ढा खोदने का आरोप लगाते हुए भूमि स्वामी ने मांझी सरकार के नेतृत्व में कलेक्टर से शिकायत की है। शिकायतकर्ता कमल सिंह धुर्वे, राजेश उइके, मनोहर परते ने बताया भूमि स्वामी रामू पिता झीटू पुत्र सुकल, सुकाली, नवल, बालकिशन, रतू निवासी गदाखार विकासखण्ड भीमपुर निवासी है। इनके पास पट्टे की 1एकड 24 डि.मी. निजी भूमि है। जिसका खसरा नंबर 42/1, पटवारी हल्का नम्बर 13 पर बिना अनुमति लिए टावर के लिए गड्ढा खोदकर टावर का निर्माण किया जा रहा है।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई संगीतमय भागवत कथा



**सारनी, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्र का माहौल भक्ति में हो एवं रवि की फसल बेहतर हो इसे देखते हुए माता-पिता की स्मृति में सात दिवसीय संगीत में भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार से किया गया है,कथा के पूर्व ग्राम मयावनी मैं सात दिवसीय संगीत मय भागवत कथा का आयोजन स्व.गोरे भगवान,बुदिया बाई की स्मृति में प्रारंभ की गई है ।संगीत मय भागवत कथा मैं सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाली गई जो ग्राम के मुख्य भागों से होकर गुजरी वह जगह-जगह श्रद्धालुओं भक्तों ने भागवत कलश की पूजा अर्चना की उसके पश्चात कलश यात्रा खेड़ापति मंदिर पहुंची खेड़ापति मंदिर में पंडित भोला महाराज द्वारा कलश यात्रा का भव्य स्वागत कर पूजन अर्चन किया गया उसके पश्चात कलश यात्रा कथा आयोजक नंदू जयंती बाई सिनोटिया के घर पहुंची ।भागवत कथा आयोजक अनिल सिलोटिया ने बताया कि 13 दिसंबर से भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है भागवत कथा का विश्राम गंगा पूजन हवन पूजन आरती व भोजन प्रसादी के साथ 19 दिसंबर को समापन किया जाएगा ।कथा वाचन का समय प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पाच बजे तक किया जाएगा।

## प्राचीन ताप्ती मंदिर के सामने बने कुंड की सीढ़ियां कर दी बंद, श्रद्धालुओं को होगी परेशानी

- ताप्ती ब्रिगेड ने की मांग

**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती की पवित्र नगरी में स्थित मां ताप्ती के प्राचीन मंदिर के सामने सूर्य कुंड के सौंदरीकरण के लिए पूर्व विधायक सुखदेव पांसे द्वारा विधायक निधि से राशि स्वीकृत की गई थी, जिसके चलते कुंड पर शेड निर्माण का कार्य प्रगति पर है। ताप्ती ब्रिगेड के युवा पवन पाठेकर, कुणाल बावने, गगन बारस्कर, राहुल कोडापे, धनराज बिंझाड़े आदि ने बताया कि सौंदर्यिकरण के चलते मंदिर के सामने कुंड में उतरने के लिए बनी सीढ़ियों को सीमेंट से भर दिया गया है, जिसके चलते कुंड में उतरकर आचमन कर पाना और कुंड की साफ सफाई कर पाना दोनो संभव नहीं होगा। उनका कहना है कि पूर्व की तरह सीढ़ियों को यथावत रखकर, सौंदर्यिकरण का कार्य किया जाए, ताकि कुंड में प्रवेश करने में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो और साफ सफाई के साथ-साथ श्रद्धालु आचमन कर सके।

ताप्ती ब्रिगेड के युवा साथियों द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष उनके द्वारा स्वच्छता



अभियान चलाकर ताप्ती सरोवर और कुंड की साफ सफाई की जाती है। जिसके लिए सीढ़ियों का होना अति आवश्यक है। अत: नगर पालिका के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधी गण इस ओर ध्यान दें, व पूर्व की तरह ही सीढ़ियों को यथावत रहने दे।

## वार्षिकोत्सव में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी एवं चित्रकला का आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** आदर्श गायत्री विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी में वार्षिक उत्सव के अवसर पर बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व निर्णायक डॉ.विजय रघुवंशी एवं डॉ श्याम बी घोटकर ने सरस्वती पूजन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा शालेय शिक्षण समिति अध्यक्ष जे डी कवड़कर एवं वरिष्ठ समाजसेवी सोमलाल पाल,आर एस सोनी की उपस्थिति में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडलों का अवलेकन कर उत्साह वर्धन किया तथा उचित अंक प्रदान किये। प्रतियोगिता में छात्रों ने अम्लीय वर्षा चंद्रयान-3, पवन चक्की,आदर्श ग्राम,सौरमंडल, रोबोट,जल शुद्धिकरण यंत्र,पावर प्लांट,ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विषयों के मॉडल बनाए थे। इसके पश्चात उन्होंने प्राथमिक विभाग के छात्रों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता कक्ष में नन्हे बच्चों द्वारा बनाए गए सुंदर चित्रों का भी अवलोकन किया। बच्चों द्वारा बनाए गए सुंदर चित्रों के लिए प्रशंसा की ।कार्यक्रम में शिक्षण समिति संरक्षक सदस्य सुंदरलाल बत्रा प्राचार्य जी.एस.ठाकुर प्रधान पाठक ए.एस. नगदे तथा विज्ञान प्रदर्शनी प्रभारी सुरेश जावलकर सह प्रभारी राजेश्वरी चौहान चित्रकला प्रभारी पुष्पा वराठे सह प्रभारी सुनीता अड़लक एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



## केनरा बैंक के पास टैक्सी को बस ने मारी टक्कर, तहसील कर्मचारी घायल

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के मुख्य मार्ग पर तहसील कार्यालय के समीप स्थित केनरा बैंक के पास बुधवार सुबह करीब 10ः30 बजे बैतूल से मुलताई आई एक टैक्सी को पीछे से आ रही एक बस ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते टैक्सी में सवार मुलताई तहसील कार्यालय के कर्मचारी को चोट आई, जिसके बाद उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। टेक्सी चालक प्रवीण ने बताया की वे रोज की तरह बैतूल से मुलताई अपनी टेक्सी लेकर आ रहे थे, टेक्सी में तहसील के कर्मचारी सवार थे, तभी तहसील के समीप केनरा बैंक के पास पीछे से आ रही फौजदार बस ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी, जिसके चलते गाड़ी में सवार तहसील में जाति प्रमाण पत्र शाखा प्रभारी विनोद पुत्र रमेश बेल को सर में चोट आई। इसके बाद उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां, पर डॉक्टर द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। उन्हें सिटी स्कैन के लिए बैतूल रेफर किया गया है।



## गायत्री प्रज्ञा पीठ में पूजन से शुरू हुआ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**सारनी, देशबन्धु।** गायत्री प्रज्ञा पीठ में वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का प्रारंभ देव आवाहन एवं पूजन के पश्चात हुआ ।14,15 दिसंबर को यहां पुंसवन,नामकरण, अन्नप्राशन,गुरु दीक्षा तथा अन्य सभी संस्कार निशुल्क संपन्न कराए जाएंगे ।स्वास्थ्य संवर्धन अंतर्गत यहां मुंबई के प्रसिद्ध योग गुरु और नाड़ी वैद्य डॉ.संजय बारसकर द्वारा निशुल्क नाड़ी परीक्षण भी किया जा रहा है। सुप्रसिद्ध थैरेपिस्ट डॉ.बी आर चौधरी,डॉ.जितेंद्र कुमार द्वारा छै दिवसीय एक्यूप्रेशर,सुजोक वाइब्रेशन एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है ।15 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जिला चिकित्सालय बैतूल के सहयोग से रक्तदान महादान कैंप भी आयोजित किया जाएगा ।प्रवचन मंच से यज्ञ संचालन टोली के प्रमुख,प्रख्यात प्रज्ञा पुराण कथा वाचक पंडित धनराज धोटे महाराज ने बताया कि पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य ने इक्कीसवीं सदी को नारी सदी कहा है उन्होंने कहा कि नारी व्यक्ति,परिवार,समाज और राष्ट्र की शक्ति है इस बात का ध्यान रखते हुए समाज में नारी का विशेष सम्मान होना चाहिए उनके साथ मंच पर उपस्थित कुमारी दीक्षा धोटे ने सत्संग की महिमा तथा नारी सशक्तिकरण के विषय में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य किया है आदर्श गायत्री परिवार ट्रस्ट के वार्षिक उत्सव के अंतर्गत सारणी के गायत्री परिवार में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन नियमित किया जा रहा है।



*गुरुकुल के अनुरूप शिक्षा ग्रहण करने से संस्कृति खत्म नहीं होती : मोहन नागर*

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ बाल मेले का आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** सरस्वती विद्या मंदिर के माध्यम से पुरानी प्रथा को जीवित कर गुरुकुल की तरह पढ़ाई उपलब्ध करवाना वाकई मिल के पत्थर से काम नहीं है। यह बात सरस्वती विद्या मंदिर सारनी में आयोजित बाल मेले के कार्यक्रम में बातोर मुख्य अतिथि जिले के जल पहरी मोहन नागर ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन शिक्षा से ज्यादा अपनी संस्कृति महत्वपूर्ण है। देखने में आता है कि पश्चिमी सभ्यता और सोशल मीडिया की वजह से विद्यार्थी अपनी शिक्षा संस्कृति और संस्कार का पतन कर रहा है। ऐसी स्थिति में सरस्वती विद्या मंदिर सारनी सहित अन्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के माध्यम से सनातन संस्कृति और गुरुकुल की प्रथा को जीवित रखे हैं यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर में बाल मेले का आयोजन किया गया और इस बाल मेले में एक से एक व्यंजन कल आकृति विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया वह तारीख से काबिल है इसके अलावा हस्तलिखित पत्रिका विमोचन का कार्य भी बोल में लेकर अवसर पर किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर के बाल मेले कार्यक्रम के अध्यक्ष दिनेश प्रकाश मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म और गुरुकुल के अनुरूप शिक्षा ग्रहण करने से समाज में कभी विकर्ता नहीं आती संस्कृति खत्म नहीं होती विद्यार्थी आज पड़ेगा तो कल का सभ्य नागरिक और देश का वैज्ञानिक कलेक्टर इंजीनियर सहित महत्वपूर्ण पदों पर अपना भविष्य आजम सकता है बहादुर उसे शिक्षा के क्षेत्र में एकाग्रता के आधार पर अपना पूरा ध्यान एकत्रित किया जाना चाहिए तब जाकर ही उसे लक्ष्य की प्राप्ति हो पाएगी ।वार्षिक उत्सव के तहत आनंद मेले का हुआ आयोजन। उद्बोधन के पूर्व विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री रामअरावरकर,प्रसिद्ध पर्यावरण विद् जल प्रहरी मोहन नागर बैतूल,सुनील दीक्षित विभाग समन्वयक नर्मदा पुरम,श्याम सुंदर ओझा, दिनेश प्रकाश मिश्रा अध्यक्ष सतपुड़ा सरस्वती शिक्षा समिति बुद्ध पाल सिंह,अखिल भारतीय सहसंयोजक वनवासी शिक्षा के आथित्य में कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया विद्यालय में सभागार का उद्घाटन किया जो की सारनी विद्यालय के प्रथम सचिव महेश कतरनी के नाम पर सभागार का नाम रख उद्घाटन किया गया ।सरस्वती विद्या मंदिर सारणी के प्राचार्य चंद्रशेखर टैगोर ने बताया कि भवन का उद्घाटन किया विद्यार्थी के द्वारा हस्तलिखित पत्रिका का निर्माण किया गया जिसका विमोचन भी अधिकारियों के द्वारा किया गया स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा व्यंजन स्टॉल स्वरुचि भोज एवं विज्ञान प्रदर्शनी के मॉडलों का निर्माण किया गया। इस कार्यक्रम में 65 स्टॉल लगाए गए एवं 45 प्रदर्शनियों का प्रदर्शन किया गया।



## सार समाचार

### चाणक्य कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से

**इटारसी, देशबन्धु।** जिला सर्वधर्म सद्भाव समिति के तत्वावधान में चाणक्य कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से 24 दिसंबर तक गांधी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। आज यहां पत्रकार भवन में आयोजित बैठक में प्रतिस्पर्धा के सूत्रधार सर्वब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र ओझा, सर्वधर्म सद्भाव के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने बताया कि जिला सर्व ब्राह्मण समाज का सदैव उद्देश्य नैकी का रहा है और इस उद्देश्य की प्राप्ति में सभी समाजों का सहयोग अपेक्षित है। अपनी तरह के इस अनूठे आयोजन में शहर इटारसी के लगभग 24 समाजों की टीमें आपसी भाईचारे और सामंजस्य के उत्कृष्ट उदाहरण के साथ शहर की फिजां में मेलजोल का रस घोलने गांधी स्टेडियम में अपनी खेल भावना का प्रदर्शन करेंगी। ओझा ने बताया कि देशभर में ऐसी एकता की मिसाल दूसरी नहीं हो सकती जो शहर इटारसी में भाइचारे की देखने को मिलती है। देश के किसी भी हिस्से में किसी भी प्रकार की हलचल या अराजकता हो पर इटारसी में हमेशा हम, एक हैं और सदैव भाईचारे के संदेश को ही प्रसारित करते हैं। आपस में यह प्रगाढ़ता और बढ़े इसी उद्देश्य को लेकर इस टूर्नामेंट के आयोजन की नींव रखी गई है। टूर्नामेंट प्रबंधन समिति के राकेश दुबे के अनुसार टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 35000 रुपए की नगद राशि जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 21000 रुपए की नगद राशि प्रदान की जायेगी। एंट्री फीस 3500 रुपये रखी गयी है। इस अवसर पर आयोजन समिति प्रमुख जितेन्द्र ओझा, आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि इस आयोजन का एकमात्र उद्देश्य खेल के माध्यम से इटारसी के विभिन्न समाजों में एकता की अलख जगाना है ताकि विभिन्न समाज की प्रतिभाऐं आगे आयें वो एक दूसरे को जाने और शहर में भाईचारे, सौहार्द्र का वातावरण निर्मित हो सके।

### प्रेम शंकर दुबे का स्मरण दिवस आज

**इटारसी, देशबन्धु।** श्री प्रेमशंकर दुबे का 32 वॉ पुण्य स्मरण दिवस कल 14 दिसंबर को मनाया जाएगा। नर्मदा अंचल के शीर्ष पत्रकार प्रेम शंकर दुबे का 32 वॉ पूर्ण स्मरण दिवस कल 14 दिसंबर गुरुवार को प्रात: 11 बजे से उन्हीं के नाम पर स्थापित श्री प्रेम शंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा रहेंगे तथा अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत रहें। कार्यक्रम में राजनेता, पत्रकार, व्यापारी, समाजसेवी, साहित्यकार एवं स्नेही स्वजन, शुभचिंतक आमंत्रित किए हैं। नर्मदा पुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, संभागीय अध्यक्ष रोहित नागे, कोषाध्यक्ष राजेश दुबे एवं कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र विश्वकर्मा ने कहा की श्री प्रेम शंकर दुबे का जन्म 1 सितंबर 1926 को समीप के ग्राम बिछुआ में हुआ था एवं उनका देवलोक गमन 14 दिसंबर 1991 को हुआ स्वर्गीय श्री दुबे ने विपरीत परिस्थितियों में पत्रकारिता की एवं इटारसी का नाम पूरे देश में रोशन किया उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहते हैं।

### रजक समाज जिला अध्यक्ष बने बाथरी

**इटारसी, देशबन्धु।** रजक जनकल्याण ट्रस्ट के पूर्व प्रदेश प्रभारी संजय बाथरी को अखिल भारतीय धोबी (रजक) महासंघ नर्मदापुरम का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति रजक समाज के राष्ट्,ीय उपाध्यक्ष राजकुमार मालवीय की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष राकेश वर्मा ने की है। जिलाध्यक्ष बाथरी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रजक समाज शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक विकास का प्रयास करना और संतश्री गाडगे महाराज रजक समाज भवन का प्रयास होगा। उनकी नियुक्ति पर युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शैलेंद्र बाथरी, संभागीय मीडिया प्रभारी चिराग भगोरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमेश मालवीय, शेरसिंह नागोरिया, प्रमोद मालवीय, मनोज मालवीय, आशीष उदयपुरिया, हरीश मनवारे, लीलाधर मनवारे, सुरेश बनोरिया, गुलाब चन्द पुरवैया ने बधाई दी है।

सावधान! शहर में आपराधिक लोगों की धमक

# पुलिस का सूचनातंत्र हुआ फेल, व्यवसाय के बहाने नगर में सक्रिय है चोरों की टोली





**पिपरिया, देशबन्धु।** नगर में व्यवसायी और मजदूर का चोला पहनकर आपराधिक प्रवृत्ति के लोग बेखौफ घूम रहे हैं। अन्य शहर और प्रदेशों से आकर इन्होंने अपनी यहां पैठ भी बना ली है। जो दिन में तो छोटे व्यवसायी बनकर बाजारों में अपने सामान (प्रोडक्ट) को बेचते ही हैं। साथ में रैकी कर दिन हो या रात, चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे देते हैं। पुलिस की सुस्ता का ही नतीजा है कि अपराधी शहर में किराये के मकान, लॉज या परिचित के घर आकर रह रहे हैं और पुलिस को इनकी जानकारी भी नहीं है।

शहर में चोरी जैसी घटनाओं के बढ़ते ग्राफ से पिपरिया पुलिस की सुस्तता और खुफियातंत्र की कलई खुल रही है। शहर में अन्य प्रदेशों से आकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के लोग बड़ी सहजता के साथ शहर में पैर पसार रहे हैं। जिसकी भनक पुलिस को कानों-कान नहीं हो पाती। इस बात का खुलासा तो तब हुआ। जब पुलिस ने बीते दिनों एक चोर गैंग को पकड़ा। जो उत्तर प्रदेश से आकर पिपरिया में चोरी की वारदात को अंजाम दे रही थी। इस सफलता पर पुलिस ने बिना प्रेसवार्ता के थाने में खुद ही अपनी पीठ थपथाकर मीडिया के लिए प्रेस नोट जारी कर दिया।

**क्या है प्रेसनोट में:** पुलिस प्रेस नोट के अनुसार 8 दिसम्बर को पिपरिया से ग्राम दहलवाड़ा जा रही सलौनी राय निवासी चांदोन के बैग से अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे। पुलिस 11 दिसम्बर को शहर गश्त पर थी तब संदेह होने पर बल्लू पिता राधेलाल अहेरिया 35 वर्ष निवासी मिर्जापुर उप्र को पकड़ा। जिससे पूछताछ में 8 दिसम्बर को बस स्टेंड पर बैग से सोने-चांदी के जेवर चोरी करने की घटना का खुलासा हुआ। उसने बताया कि हम 6 लोग और हैं जो लोहिया वार्ड पिपरिया में किराए से रहते हैं। इस गैंग ने चार माह पहले मंगलवारा चौराहे के पास दुकानों की शटर तोड़कर चोरी करना भी कुबूल किया है। इस गैंग में बल्लू के अलावा गौरव पिता महेशचंद शर्मा 28, हरिकिशन पिता गजेंद्र अहेरिया 19, मुकेश पिता गजराज सिंह अहेरिया 19, चंद्रवीर पिता रमेशचंद्र 22, चेतंद्रर पिता सूरज पाल अहेरिया 35, जितेंद्र पिता राजेंद्र अहेरिया 28 वर्ष सभी निवासी हाथरस, जिला मिर्जापुर (उप्र) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों से सोने का हार कीमत 1लाख 40 हजार, चांदी की पायल कीमत 10 हजार और नगदी 40 हजार रूपये बरामद किए हैं।

शहर में चोरी जैसे अन्य घटनाएं अभी खुलासे के इंतजार में हैं। अब देखना है कि पुलिस उन घटनाओं के खुलासे वाले प्रेसनोट कब तक जारी करती है।

## पिता-पुत्र ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव



**पचमढ़ी, देशबंधु।** पचमढ़ी निवासी पिता-पुत्र की जोड़ी ने फुटबॉल खेल में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता कर नगर को गौरवांवित किया। वहीं उनके पिता संतोष यादव ने राजधानी दिल्ली में आयोजित मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज फुटबॉल प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व करेंगे। जो कि दिनांक 15 से 21 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। पिता-पुत्र ने यह उपलब्धि महज एक वर्ष के भीतर अर्जित की है। उनके पिता पुत्र की इस उपलब्धि पर परिवार जनों, संस्था परिवार ,समस्त खेल संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### रूपेन्द्र विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में शामिल हुए



**पचमढ़ी, देशबन्धु।** विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नगर के रूपेन्द्र साहू ने गत दिवस दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में शिरकत की। इस कार्यक्रम में उज्जैन की छात्र नेता शालिनी वर्मा को राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व मिला। अधिवेशन का उद्घाटन गृह मंत्री अमित शाह ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिवेशन में शामिल होकर दिल्ली से लौटने पर रूपेन्द्र का पचमढ़ी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

## अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में बैठक आयोजित



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** आयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोकन्यास ने मंगलवार को गोविंदनगर में एक बैठक रखी। जिसमें कार्यक्रम का संचालन विश्व हिन्दु परिषद के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण भारत में 1 जनवरी से 15 जनवरी के मध्य प्रत्येक ग्राम में हिन्दुओं के घर में पूजित अक्षय पहुंचे। 'मेरा गांव मेरा तीर्थ' के तहत ग्राम समिति के कार्यकर्ताओं की योजना के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिवदयाल चौधरी जिला संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, चाणक्य बक्शी सचिव भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोकन्यास, अनिल अग्रवाल, बृजकिशोर भार्गव प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत ग्राम विकास प्रमुख का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बृजकिशोर द्वारा ग्रामों के मंदिरो की स्वच्छता, रामायण पाठ, रामलीला का मंचन, दीपावली की तरह ग्राम के प्रत्येक गली मोहल्लों में दीपोत्सव मनाया जाए। इस प्रकार की योजना तैयार करने की योजना सभी कार्यकर्ताओं द्वारा बनाई गई। इस दौरान न्यास के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इस बैठक में शामिल हुए।

## साल की सबसे बड़ी खगोलीय आतिशबाजी आज रात को



**इटारसी, देशबन्धु।** कल गुरूवार 14 दिसंबर की रात्रि होने वाली है, बेहद खास। शाम 7 बजे के पहले ही दूज के पतले हंसियाकार चंद्रमा के अस्त होने के बाद अंधेरे पूर्वी आकाश में जेमिनीड उल्का बौछार के दिखने की होगी शुरूआत। आकाश की इस प्राकृतिक आतिशबाजी की जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि यह वर्ष की सबसे शानदार उल्का वर्षा होगी जिसमें प्रति घंटे लगभग 120 से 150 तक उल्काओं को देखने की संभावना रहगी। यह उल्का 35 किमी प्रति सैकंड के वेग से नीचे आते दिखेगी।

सारिका ने बताया कि इसे देखने के लिये शहर की रोशनी या स्ट्रीट लाइट से काफी दूर के क्षेत्र में जाकर किसी छत या साफ मैदान पर लॉन कुर्सी या दरी पर लेट कर अथवा बैठ कर पूर्वी आसमान से देखने की शुरूआत करें। अंधेरे मे लगभग 30 मिनट के बाद आपकी आंखें अनुकूल हो जायेंगी और आपको कुछ अंतराल पर उल्कायें दिखाई देने लगेंगी। यह बौछार रात भर चलेगी इसलिये धैर्य रखें। इसे देखने के लिये अलग से कोई यंत्र की आवश्यकता नहीं होती है।

सारिका ने बताया कि जेमिनीड उल्का बौछार का नाम जेमिनी तारामंडल से लिया गया है क्योंकि उल्का बौछार की मिथुन तारामंडल के सामने से ही होती दिखती है। जेमिनीड उल्कापात उल्कापिंड 3200 फैथान के कारण होता है। जब पृथ्वी इसके द्वारा छोड़े गये धूल से होकर गुजरती है तो धूल एवं चट्टान हमारे वायुमंडल के उपरी भाग के संपर्क में आकर जल जाती है जो हमें उल्का बौछार के रूप में दिखाई देती है।

## रेलवे ने चैन पुलिंग करने के 2385 मामलों से 15,16,780 रुपए जुर्माना वसूला

**इटारसी, देशबन्धु।** यदि आप ट्रेन में सफर कर रहे हैं तो यह बात समझ लें कि बिना उचित कारण चेन पुलिंग करना आपको भारी पड़ सकता है। रेलवे ने ऐसे 2385 मामलों में 15,16,780 रुपए जुर्माना वसूला है। रेलवे द्वारा चैन पुलिंग की व्यवस्था विशेष, आपात स्थिति के लिए की गई है, परन्तु कई बार सामान्य स्थिति में भी अकारण चेन पुलिंग की जाती है, जिसके कारण चैन पुल की गई गाड़ी के अलावा उसके पीछे चलने वाली गाड़ियां भी विलंबित, प्रभावित होने से समय और राजस्व की हानि होने के साथ-साथ सह यात्रियों को भी असुविधा होती है। बिना किसी उचित कारण के चैन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध भारतीय रेल अधिनियम 1989 की धारा 141 के तहत कार्यवाही करने, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या एक हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है। कैलेंडर वर्ष 2023 के 11 माह (जनवरी 2023 से नवम्बर 2023 तक) के दौरान 4219 चैन पुलिंग की घटनाओं में से अनाधिकृत रूप से चैन पुलिंग के 2385 मामले पाए जाने पर रेल सुरक्षा बल द्वारा रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत प्रकरण दर्ज कर रेल न्यायालय भोपाल में पेश किया, जिनसे कुल 15,16,780 रुपए जुर्माना वसूला गया।

## गर्ल्स कॉलेज में एड्स जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन




**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में एनएसएस के द्वारा रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एड्स जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज की कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अर्पित त्रिवेदी सर्जिकल विशेषज्ञ, गणेश उपरारिया आईसीटीसी प्रभारी, एचआईवी-एड्स तथा प्रज्ञा सोशल ऑर्गेनाइजेशन इटारसी के बसंत सोनी व सुमित यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन व वंदन के साथ किया। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा कहा कि एचआईवी की रोकथाम, उपचार व देखभाल के बारे में उपकरणों और संसाधनों के साथ सार्वजनिक जागरूकता और शिक्षा अभियान प्रभावी हथियार साबित हो रहे हैं। डॉ. अर्पित त्रिवेदी ने कहा कि एचआईवी के चारों कारणों जैसे रक्त संचरण, असुरक्षित यौन संबंध, इंजेक्शन साझा करना, गर्भावस्था प्रसव या स्तनपान कराना के संबंध में सभी को सही जानकारी होना आवश्यक है। आपने कहा कि सक्रमित व्यक्ति ए-आर-टी की दवा लेकर एक सामान्य मनुष्य की भांति जीवन जी सकता है। आईसीटीसी प्रभारी गणेश उपरारिया ने कहा कि महाविद्यालय में चल रहे रेड रिबन कार्यक्रम के माध्यम से युवा छात्र-छात्राओं को इस संबंध में संदेश दे सकते हैं तथा एचआईवी- एड्स जैसी गंभीर बीमारी से खुद को एवं समाज को बचा सकते हैं।

डॉ. शिरीष परसाई ने कहा कि सही जानकारी व बचाव ही एड्स का सही इलाज है। वर्तमान समय में जागरूकता कार्यक्रम हमारी सामाजिक आवश्यकता भी है। एनएसएस प्रभारी डॉ. शिखा गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय की छात्राएं लगातार जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से इस दिशा में कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम की संचालिका डॉ. श्रद्धा जैन ने कहा कि छात्राएं जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को समाज में देने का कार्य करें। कार्यक्रम में डॉ कुमकुम जैन, मंजरी अवस्थी, डॉ हर्षा शर्मा, डॉ. शिरीष परसाई, डॉ संजय आर्य, डॉ शिखा गुप्ता, डॉ. श्रद्धा जैन, डॉ. नेहा सिकरवार, हेमंत गोहिया, शोभा मीणा, क्षमा वर्मा, करिश्मा कश्यप तथा छात्राएं उपस्थित थीं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रभावी संचालन किया जाए: कलेक्टर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये प्रदेश के साथ ही नर्मदापुरम में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यात्रा की तैयारियों के संबंध में बुधवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि जिले में 16 दिसंबर से यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक आयोजित की जायेगी। भारत सरकार द्वारा यात्रा के लिए सभी जिलों को आईईसी वेन उपलब्ध करायी गई है। इन आईईसी वैनों को जिले के सभी नगरीय निकाय एवं सभी ग्राम पंचायत में तय रूट चार्ट के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। आईईसी वेन द्वारा ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर पम्पलेट, बुकलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 4 और शहरी क्षेत्रों के लिए 3 वाहन उपलब्ध कराएं गए हैं। यह वाहन निर्धारीत शेड्यूल के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचेंगे। प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में 2 पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्रामों को सम्मिलित करते हुए एक प्रमुख स्थान पर निर्धारित गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में 10 हजार की आबादी पर प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित होंगे। यात्रा के संचालन के लिए जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय, ग्राम एवं नगर की समितियां बनाई गईं। साथ ही नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले में यात्रा का प्रभावी और सफलतापूर्वक संचालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के तहत निर्धारित शेड्यूल के अनुसार कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण करें। मैदानी स्तर पर सरपंच, सचिव , रोजगार सहायक, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यात्रा के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजन के पूर्व अधिक से अधिक व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। दीवार लेखन भी कराएं। आईईसी वेन का भ्रमण कार्यक्रम के पूर्व संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार, हितग्राहियों के आवेदन, हितग्राही चयन, आवेदनों का निराकरण की कार्यवाही की जाए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी का संदेश, संकल्प-विडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म के प्रदर्शन, मेरी कहानी मेरी जुबानी-लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार। प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत तकनीक आदि की जानकारी दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वच्छता गीत, एसएचजी,एफपीओ, स्कूल छात्र,स्थानीय कालाकरों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। आयोजित गतिविधियों के दौरान हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का भी शत प्रतिशत वितरण किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए, जिसमें सामान्य जाँच सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा उपचार की व्यवस्था रहेगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किये जायेगे ओर किसान,पशुपालन, मछुआरे जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं है, उनके आवेदन लेने की कार्यवाही की जाए, इसके लिए बैंकों से समन्वय किया जाएगा। आधार कार्ड में जानकारी शिविर लगाए जायेंगे। स्वास्थ्य मेला इसके अन्तर्गत स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्त इकाइयों द्वारा एक स्टाल पर उपस्थित रहकर, वृद्धों, महिलाओं, बच्चों, युवाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी एवं विशेष रूप से टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान भारत कार्ड आदि कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। कृषि से सम्बन्धित स्टाल अंतर्गत कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित अन्य समस्त विभागों के साथ ही प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों, उर्वरक, बीज, पेस्टिसाइड विक्रेताओं आदि का संकलित रूप से स्टाल लगाया जायेगा जहां से कृषकों को समन्वित रूप से कृषक हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी एक मंच से प्राप्त हो सकेगी। इच्छुक कृषकों को योजना से लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही के लिए उनके आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। स्वयं सहायता समूहों के स्टाल इसके अन्तर्गत क्षेत्रीय स्तर पर स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से संचालित विभिन्न कार्यक्रम एवं सरकारी विभागों द्वारा स्वयं सहायता समूहों को देय लाभ के बारे में प्रचार-प्रसार एवं जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रतिदिन निर्धारित पोर्टल पर रिपोर्टिंग के लिए संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विष्णुदेव साय बने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

## 2 उप मुख्यमंत्री- अरूण साव एवं विजय शर्मा ने भी शपथ ली



**रायपुर, देशबन्धु।** पंच एवं सरपंच से राजनीति की शुरूआत करने वाले आदिवासी नेता विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली। उनके साथ दो उप मुख्यमंत्रियों अरूण साव एवं विजय शर्मा ने भी शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस मौके पर मौजूद थे।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राजधानी के साइंस कालेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में श्री साय को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। राज्यपाल ने इसके उपरान्त दो उप मुख्यमंत्रियों अरूण साव एवं विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। सभी ने ईश्वर के नाम पर हिन्दी में शपथ ली। इस मौके पर गृहमंत्री अमित शाह,भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा समेत राज्यभर से बड़ी संख्या में आए भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक भी मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन विशाल मंच बनाए गए थे,जिसमें बीच के मंच में शपथ ग्रहण हुआ तथा एक ओर अतिविशिष्ट आमंत्रित व्यक्तियों तथा दूसरी ओर नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंच बनाया गया था। शपथ ग्रहण को ज्यादा से ज्यादा लोग देख सके इसके लिए एल.ई.डी.स्क्रीन भी लगायी गई थी।

**साय राज्य के चौथे मुख्यमंत्री :** श्री साय राज्य के चौथे तथा भाजपा के दूसरे मुख्यमंत्री हैं।मध्यप्रदेश को विभाजित कर नवम्बर 2000 में आस्तित्व में आए इस राज्य में इससे पहले स्व अजीत जोगी,डा.रमन सिंह एवं भूपेश बघेल मुख्यमंत्री रहे है। डा.रमन सिंह लगातार तीन कार्यकाल मुख्यमंत्री रहे है। भाजपा ने पहली बार राज्य में उप मुख्यमंत्री बनाए है।

## प्रदेश के नए मुखिया डॉ. मोहन यादव शपथ ग्रहण के बाद उज्जैन पहुंचे जहां उन्होंने महाकाल का आर्शीवाद लिया









नव नियुक्ति उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल का मंत्रालय में अधिकारियों ने स्वागत किया।

# 76 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा ने बुधवार को निरसन और संशोधन विधेयक 2023 पारित कर दिया। यह विधेयक 76 ऐसे कानूनों को रद्द करने की बात करता है जो अब प्रचलन में नहीं हैं। यह विधेयक दशकों पुरानें टेलीग्राफ वायर कानून, भूमि अधिग्रहण (खान) कानूनों को निरस्त करने की एक पहल है।

गौरतलब है कि लोकसभा इस महत्वपूर्ण विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को राज्यसभा में निरसन और संशोधन विधेयक 2023 विचार व पारित करने के लिए पेश किया। इस विधेयक का उद्देश्य 76 अधिनियमों को निरस्त करने के साथ-साथ एक अधिनियम में संशोधन करना है। केंद्र सरकार का मानना है कि पुराने अप्रचलित कानून को रद्द करने की पहल से सामान्य लोगों का जीवन सुगम बनता है। बुधवार को राज्यसभा द्वारा पारित किया गया यह विधेयक भी जनजीवन एवं व्यापार की सुगमता बढ़ाने की दिशा में किया गया एक और प्रयास है। जहां राज्यसभा ने 13 दिसंबर को यह विधेयक पास किया है, वहीं लोकसभा 27 जुलाई को इस विधेयक को मंजूरी दे चुकी है।

# डाकघर विधेयक जनता के अधिकारों का हनन : थरूर

## नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी से भागने का सरकार पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में कांग्रेस ने डाकघर विधेयक को जनता के अधिकारों का हनन बताते हुए बुधवार को कहा कि इसमें जन विश्वास को हटाया गया है और लोगों का पोस्ट ऑफिस में शिकायत करने का अधिकार खत्म कर दिया गया है।

कांग्रेस के शशि थरूर ने विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह विधेयक अंग्रेजों के समय का है लेकिन तब के कानून में जिम्मेदारी थी लेकिन वर्तमान कानून में जिम्मेदारी को खत्म कर दिया गया है और यदि किसी व्यक्ति को कोई नुकसान होता है तो उसकी भरपाई या उसको लेकर शिकायत करने की व्यवस्था इस विधेयक में नहीं की गई है। एक तरह से विधेयक में जनता को उनके शिकायत करने के हक से रोका गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक लाकर सरकार नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। सरकार सेवाओं को लेकर होने वाली चूक से बचना चाहती है, इसलिए विधेयक में जिम्मेदारी के नाम पर कुछ भी नहीं है। लोगों की शिकायत के निपटान के लिए सिर्फ कोर्ट ही एक मात्र माध्यम रह गया है। यदि जिम्मेदारी को कोर्ट पर ही छोड़ा जाता है तो इससे देश की न्यायपालिका में लोगों की समस्याओं का अंबार लग जाएगा। डाक विभाग को जिम्मेदार ठहराने का इस विधेयक में कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है।

## संविधान की धारा 14 का बताया उल्लंघन

थरूर ने इसे संविधान की धारा 14 का उल्लंघन बताया और कहा कि भारतीय डाक विभाग की तुलना में निजी कोरियर सेवाएं ज्यादा प्रभावी हो रही हैं और इस विधेयक के कारण उन पर लोगों का डाकघर की तुलना में ज्यादा विश्वास बढ़ेगा जो सही नहीं है। उनका कहना था कि 1898 के विधेयक की तुलना में 2023 का डाक विधेयक जनता के हितों पर ज्यादा खतरा पैदा करता है।

## राज्य निशुल्क खाद्यान्न में मोटा अनाज जोड़ सकते हैं : गोयल

सरकार ने कहा है कि केंद्र की निशुल्क खाद्य वितरण व्यवस्था में राज्य सरकारें यदि और सामग्री निशुल्क देना चाहती हैं तो वह उसे सूची में शामिल करने के लिए स्वतंत्र है। उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को लोकसभा में पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केंद्र सरकार गरीबों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण कर रही है और यदि राज्य गेहूं और चावल के बदले कुछ और उसमें शामिल करना चाहती है तो उन्हें इसकी छूट है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारें चाहे तो गेहूं और चावल के बदले अपने प्रदेश में मोटे अनाज का निशुल्क वितरण गरीबों में कर सकती है।

### कम बर्फबारी से भारतीय सेना परेशान

# सर्दियों में सीमा पर घुसपैठ के प्रयासों को थामना हो रहा मुश्किल

**जम्मू, देशबन्धु।** भारतीय सेना के लिए इस बार की सर्दियों में सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कारण, सीमांत पहाड़ों पर फिलहाल इतनी बर्फबारी नहीं हुई है जितनी की उम्मीद थी। यही कारण है कि घुसपैठियों के दल भीतर घुसने की कोशिशों को लगातार अंजाम दे रहे हैं। हालांकि, इस साल कोई बड़ी बर्फबारी नहीं होने के कारण वे दर्रे अभी भी खुले हैं और रक्षाधिकारी कहते थे कि प्रशिक्षित घुसपैठियों को इस ओर धकेलने के पाकी प्रयास अभी भी जारी हैं। अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय के दौरान जम्मू कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में आई यह वृद्धि सर्दियों की शुरुआत से पहले जम्मू कश्मीर को गर्म करने की बढ़ती पाकिस्तानी कोशिशों की ओर इशारा करती है, जब भारी बर्फबारी के कारण उच्च उत्तरी इलाकों में घुसपैठ मुश्किल हो जाती है। पिछले दो वर्षों में, नवम्बर के पहले सप्माह में बर्फबारी होती थी और एलओसी पर यह स्थिति सैनिकों को सहूलियत प्रदान करती थी। यह सच हे कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम समझौते के बाद शांति के दौर से गुजर रही एलओसी इस साल घुसपैठ की कुछ कोशिशों के बाद हाई अलर्ट पर है। रक्षाधिकारी कहते थे कि एलओसी के पार लांच पैड पर कई आतंकी समूहों की मौजूदगी की खबरों के बीच खुफिया एजेंसियों ने ऐसे और प्रयासों की चेतावनी दी है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ समय में घुसपैठ की तेज होती कोशिशें इस बात का संकेत हैं कि घुसपैठ की कोशिशें और बढ़ सकती हैं। खासकर वहां जहां घुसपैठ के लगभग सभी पारंपरिक रास्ते खुले हैं क्योंकि कोई बड़ी बर्फबारी नहीं हुई है। हालांकि सेनाधिकारी दावा करते थे कि नियंत्रण रेखा पर निगरानी उपकरणों के साथ सेना की त्रिस्तरीय ग्रिड व्यवस्था ने घुसपैठियों के लिए घुसपैठ करना कठिन बना दिया है। पर यह सच्चाई है कि इस बार की सर्दियां एलओसी पर तैनात सैनिकों को कोई रहत नहीं दे पा रही हैं। कारण, इतनी बर्फबारी नहीं हुई है जो आतंकियों की गतिविधियों तथा सीमा पार से उनकी घुसपैठ को रोक सकें। जो बर्फ गिरी थी वह पिघल गई है। नतीजतन इस बार सर्दियों में भी आतंकी घुसपैठ को लेकर सेना परेशान है। हालांकि 16 दिसम्बर के बाद बर्फ गिरने की भविष्यवाणी की जा रही है पर अब गिरने वाली बर्फ अक्सर जम नहीं पाती है।

# बस के ड्राइवर को दौरा पड़ने से हादसा, 4 की मात

- सवारियों ने बस में लगाया ब्रेक
- मृतक के परिजनों ने लगाया जाम

**ग्रेटर नोएडा, देशबन्धु।** दनकौर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार दोपहर बुलंदशहर डिपो की बस की टक्क र से तीन बाइक पर सवार जीजा-साले समेत 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना के वक्त बस के ड्राइवर को सामान्य दौरा पड़ गया था। जिसकी वजह से वह बेहोश हो गया। जिसके चलते ही यह भीषण हादसा हो गया। घटना के वक्त तीनों बाइक बस के सामने चल रही थी। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही बस के ड्राइवर को भी ग्रेनो के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी छुट्टी दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बुलंदशहर बस डिपो करीब 30 सवारियों को लेकर नोएडा से बुलंदशहर को बुधवार की दोपहर करीब 12:20 बजे जा रही थी। जब बस दनकौर रेलवे स्टेशन के पास फ्लाई ओवर से उतर रही थी। उसी दौरान बस के ड्राइवर ब्रह्मपाल निवासी बुलंदशहर को सामान्य दौरा पड़ गया। जिसके चलते वह बेहोश हो गया। जिसके बाद बस का संतुलन बिगड़ गया। इस घटना में बस के आगे चल रहे तीन बाइक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के वक्त जब सवारियों को हेल्पर ने बेहोश अवस्था में देखा तो 2 लोगों ने बस के ब्रेक लगाकर कंट्रोल किया।

### मिशन | इसरो प्रमुख की बड़ी घोषणा

# 2040 तक चंद्रमा पर पहला अंतरिक्ष यात्री भेजेगा इसरो

## मिशन के लिए चुने गए भारतीय वायु सेना के चार पायलट बेंगलुरु में अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सुविधा में प्रशिक्षित किए जा रहे हैं

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी (इसरो) अपने अगले कदम की तैयारी कर रही है। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि- इसरो 2040 तक चंद्रमा पर पहला अंतरिक्ष यात्री भेजेगा। उन्होंने कहा कि हम इस योजना पर पूरी तरह से काम कर रहे हैं। इसरो प्रमुख ने देश के पहले मानवयुक्त मिशन 'गगनयान' पर काम के बारे में बताते हुए कहा कि- मिशन के लिए चुने गए भारतीय वायु सेना के चार पायलट बेंगलुरु में अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सुविधा में प्रशिक्षित किए जा रहे हैं।

एक विशेष लेख में उन्होंने बताया कि इसरो का लक्ष्य गगनयान कार्यक्रम के साथ अंतरिक्ष अन्वेषण में अगला कदम उठाना है। इसमें 2 से 3 भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के दल को लो अर्थ में भेजे जाने की योजना है। इसके बाद उन्हें भारतीय जलक्षेत्र में पूर्वनिर्धारित जगह पर सुरक्षित रूप से उतारा जाएगा। मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण तकनीक का विकास शामिल है।

जिसमें एक मानव-रेटेड लांच वाहन (एचएलवीएम 3), एक क्रू माड्यूल (सीएम), सर्विस माड्यूल (एसएम) और मानव के रहने के अनुकूल एक आर्बिटल माड्यूल है। क्रू माड्यूल अंतरिक्ष में चालक दल के लिए पृथ्वी जैसे वातावरण वाला रहने योग्य स्थान है और इसे सुरक्षित पुन: प्रवेश के लिए डिजाइन किया गया है। सुरक्षा उपायों में आपात स्थिति के लिए क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) भी शामिल है।




परीक्षण वाहन (टीवी-डी1) की पहली विकास उड़ान 21 अक्टूबर, 2023 को लांच की गई थी और इसने क्रू एस्केप सिस्टम का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसके बाद क्रू माड्यूल को अलग किया गया और बंगाल की खाड़ी से भारतीय नौसेना ने इसे सुरक्षित प्राप्त किया। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि इस परीक्षण उड़ान की सफलता मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए महत्वपूर्ण है।

# बिटकॉइन घोटाला : एफआईआर सीबीआई को ट्रांसफर

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दिल्ली की अदालत में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी घोटाले से संबंधित कई एफआईआर को आगे की जांच और आरोपपत्र दाखिल करने के लिए सीबीआई को ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि इन मामलों की सुनवाई नई दिल्ली के राउज एवेन्यू में विशेष सीबीआई अदालत में की जाएगी।

पीठ ने 45 से अधिक एफआईआर में आरोपियों को अग्रिम जमानत देने के 30 अगस्त, 2019 के अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कहा कि- यह अब लागू नहीं है। इसमें कहा गया है कि अगर आरोपी को किसी अन्य अदालत से नियमित जमानत नहीं मिलती है, तो उसे दिल्ली हाईकोर्ट से इसकी मांग करनी होगी। कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत की पूर्व शर्त के रूप में आरोपी द्वारा शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में जमा की गई एक करोड़ रुपये की राशि को दिल्ली की ट्रायल कोर्ट में ट्रांसफर करना होगा।

शीर्ष अदालत देशभर में निवेशकों को उच्च रिटर्न का वादा करने के बाद उन्हें बिटकॉइन में व्यापार करने के लिए प्रेरित करके धोखा देने के आरोप में अमित भारद्वाज और अन्य के खिलाफ दर्ज कई एफआईआर को रद्द करने से संबंधित मामलों पर सुनवाई कर रही थी। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा था कि देश भर में लोगों को कथित तौर पर धोखा देने के आरोप में आरोपियों के खिलाफ लगभग 47 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन मामलों में 20,000 करोड़ रुपये मूल्य के 87,000 बिटकॉइन का व्यापार शामिल है। इस मामले में अमित भारद्वाज, उनके दो भाई और उनके पिता आरोपी हैं। हालांकि, अमित की मौत हो चुकी है।

### एक अध्ययन में डल झील के सिकुड़ने की जानकारी आई सामने

# यही हाल रहा तो छोटे तालाब में बदल जाएगी डल झील

• सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** राष्ट्रीय हिमालयी अध्ययन मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एक व्यापक अध्ययन में डाच्छीगाम राष्ट्रीय उद्यान के जलग्रहण क्षेत्र के भीतर कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील और अन्य जल निकायों के आकार में महत्वपूर्ण कमी के बारे में चौंकाने वाले निष्कर्ष सामने आए हैं।

अध्ययन में डल झील और आस-पास के जल निकायों के आकार में लगभग 50 परसेंट की कमी पर प्रकाश डाला गया है। प्रतिष्ठित डल झील, जो कभी 19.82 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करती थी, अब घटकर मात्र 10.4 वर्ग किलोमीटर रह गई है, जिससे इस क्षेत्र पर दीर्घकालिक पारिस्थितिक प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। चेतावनी अब यह दी जा रही है अगर यही हाल रहा तो मानवीय तथा प्राकृतिक कारणों के चलते एक दिन यह झील एक तालाब में बदल जाएगी।

जल निकायों का घटता आकार डल झील से आगे तक फैला हुआ है, जिसमें डाच्छीगाम राष्ट्रीय उद्यान के जलग्रहण क्षेत्र के भीतर अन्य महत्वपूर्ण जल जलाशय शामिल हैं। इन जल निकायों का सामूहिक संकुचन क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र के नाजुक संतुलन के लिए खतरा पैदा करता है।

## 38 वर्षों में 25 फीसदी घटा झील का आकार

## पानी की पारदर्शिता में 70 फीसदी की कमी आई

इस अध्ययन को करने वाले अधिकारियों के मुताबिक डल झील का आकार 1980 से 2018 के बीच पिछले 38 वर्षों में 25 फीसदी तक घट गया है। इतना ही नहीं यह झील बढ़ते प्रदूषण, अतिक्रमण जैसे खतरों का भी सामना कर रही है। साथ ही इसके जलग्रहण क्षेत्र में डाले जा रहे सीवेज और कचरे के कारण झील के पारिस्थितिकी तंत्र पर असर पड़ा है। इसकी वजह से पानी की पारदर्शिता में 70 फीसदी की कमी आई है।

पर्यावरणविद् क्षेत्र के जल निकायों की सुरक्षा में सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता के महत्व पर जोर देते हैं। वे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने, जिम्मेदार भूमि-उपयोग प्रथाओं को अपनाने और कश्मीर के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए स्थायी जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान करते हैं। जैसा कि अध्ययन के निष्कर्षों ने डल झील और आसपास के जल निकायों के आकार में चिंताजनक कमी पर प्रकाश डाला है, यह सरकार और समुदाय दोनों के लिए क्षेत्र की पर्यावरणीय विरासत को संरक्षित करने में सहयोगात्मक रूप से काम करने के लिए एक महत्वपूर्ण आह्वान के रूप में कार्य करता है।

## मुख्तार अंसारी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को बांदा जेल में बंद गैंगस्टर से राजनेता बने पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारी को गैर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित किसी राज्य में स्थानांतरित करने की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस मामले में विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने हालांकि, अंसारी के बेटे उमर को रिट याचिका में अपनी गुहार में संशोधन करने की अनुमति दी और कहा कि वह शुक्रवार को संशोधित याचिका पर विचार करेगी।

## पैसे की लूट मुद्दे पर खडगे ने मोदी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि वह बार बार पैसे की लूट की बात करते हैं तो उन्हें बताना चाहिए कि सरकारी बैंकों में लूट किस वजह से हो रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी पैसे की लूट की बात कर रहे हैं तो लगे हाथ, ये बता दें कि 16,663 जानबूझकर बैंकों का कर्ज नहीं लौटने वालो ने बैंको को 3.35 लाख करोड़ रुपए का चूना कैसे लगाया। श्री खडगे ने पूछा क्या कारण है कि 2014-15 के बाद से बैंकों द्वारा कॉर्पोरेट ऋण खत्म करना था , 10.42 लाख करोड़ रुपये का पर वास्तविक ऋण वसूली 1.61 लाख करोड़ रुपये ही क्यों रही। क्यों सरकारी लूट के कारण आज खुदरा महंगाई दर 5.5 प्रतिशत पर है और 74 प्रतिशत भारतीय पौष्टिक आहार से वंचित हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, फसल अवशेष जलाना बंद हो

# प्रदूषण रोकने के लिए न्यायिक निगरानी जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उन फसल अवशेषों को जलाना बंद होना चाहिए, जो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं, ताकि लोगों को हर सर्दी के मौसम में एक जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े। अदालत ने इसे सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक निगरानी की जरूरत पर जोर दिया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने पाया कि अब भी खेतों में पराली जलाए जाने की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने संबंधित राज्य सरकारों को प्रदूषण रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत दिल्ली-एनसीआर में साल दर साल सर्दियों के दौरान गंभीर वायु प्रदूषण से जुड़े एक मामले पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने कहा, कम से कम अगली सर्दियों के लिए थोड़ा बेहतर करने का प्रयास करें।

## दो महीने के भीतर पेश करनी होगी रिपोर्ट

पीठ ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली समिति की कई बैठकें हुई हैं। उसने इस मुद्दे से निपटने के लिए पंजाब और हरियाणा सहित राज्यों के लिए कार्य योजना तैयार की है। पीठ ने कहा कि संबंधित राज्यों को कार्य योजनाओं को लागू करना होगा। दो महीने के भीतर अदालत के समक्ष प्रगति रिपोर्ट पेश करनी होगी।

पीठ ने कहा, हम राज्य सरकारों को निर्देश देते हैं कि वे इस संबंध में कदम उठाएं। दो महीने के भीतर इस अदालत को प्रगति रिपोर्ट सौंपें। पीठ ने कहा कि अन्य प्राधिकारी भी कार्य योजनाओं को विधिवत रूप से लागू करेंगे और अदालत में रिपोर्ट पेश करेंगे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।